

मैं उस प्रभु का सेवक हूँ जिसे अज्ञानी मनुष्य कहते है
स्वामी विवेकानंद

MPHIN/2009/34626

# यशोन्नति

दैनिक यशोन्नति की और खबरों एवं ई पेपर के लिये लॉंग इन करें https://dainikyashonnati.com एप डाउनलोड करें

वर्ष 8+16 अंक134 | प्रधान संपादक- राजेश अग्रवाल | yasonati@gmail.com | सिवनी गुरूवार 01 फरवरी 2024 | संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी | मूल्य 1.50 पृष्ठ 4



पृष्ठ-3 संपादकीय एवं प्रदेश समाचार
पृष्ठ-3 सिवनी /बालाघाट समाचार
पृष्ठ-4 मंडला समाचार .....


## गेहूं उपार्जन के लिए पंजीयन 5 फर. से

सिवनी यशोः- जिला आपूर्ति अधिकारी ने बताया कि म.प्र. शासन खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभो ?ता संरक्षण विभाग मंत्रालय के परिपत्र क्रमांक एफ134/1333217/2023/29-1 भोपाल दिनांक 25 जनवरी 2024 के निर्देशानुसार रबी विपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन हेतु किसान पंजीयन की अवधि 05 फरवरी 2024 से 01 मार्च 2024 तक निर्धारित की गई है। रबी विपणन वर्ष 2024-2025 में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन हेतु किसान पंजीयन हेतु जिले में 80 गेहूं पंजीयन केन्द्र निर्धारित किये जायेंगे। उपार्जन प्रक्रिया के संबंध में म.प्र.शासन खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग मंत्रालय भोपाल द्वारा जारी पंजीयन नीति के अनुसार किसान पंजीयन की व्यवस्था को सहज और सुगम बनाया गया है। अब किसान स्वयं के मोबाईल से घर बैठे पंजीयन कर सकेंगे। किसानों को पंजीयन केंद्रों में लाईन लगाकर पंजीयन कराने की समस्या से मुक्ति मिलेगी। किसान द्वारा ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत एवं तहसील कार्यालयों में सुविधा केन्द्र के माध्यम से तथा सहकारी समितियों एवं विपणन संस्थाओं द्वारा संचालित पंजीयन केंद्रों पर निःशुल्क तथा एमपी ऑनलाईन कियोस्क, कॉमन सर्विस सेन्टर, लोक सेवा केन्द्र, निजी व्यक्तियों द्वारा संचालित साइबर कैफे पर अपना पंजीयन करा सकेंगें।

# दस हजार प्रतिभागी शामिल होंगे सायकल आँन में

## स्वच्छता सर्वेक्षण के तहत सायकल आँन का भव्य आयोजन 03 फरवरी को

सिवनी यशोः- आगामी 03 फरवरी को स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 एवं पर्यावरण जागरूकता के लिये सायकल आँन कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है । जिसकी व्यापक तैयारियाँ की गयी है । पिछले आठ वर्षो से आयोजित हो रहे इस कार्यक्रम को समाज के प्रत्येक वर्ग से सराहना के साथ सहयोग प्राप्त होता है । इस वर्ष के सफल आयोजन के लिये समिति के द्वारा दस हजार पंजीयन किये जाने का लक्ष्य है नौ हजार के लगभग प्रतिभागियों का पंजीयन हो चुका है, आयोजन स्थल पर 03 फरवरी को पंजीयन की सुविधा रहेगी शहर सुंदर स्वच्छ और स्वस्थ्य रहे इस व्यापक संदेश के लिये आयोजित हो रहे सायकल आँन को समाज के हर वर्ग का व्यापक सहयोग और समर्थन प्राप्त हो रहा है । इस आशय की बात सायकल आँन आयोजन समिति के संरक्षक संतोष अग्रवाल ने होटल बाहुबली में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान आयोजन के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की । आयोजित पत्रकार वार्ता में समिति के अध्यक्ष कपिल पांडे, जनक तिवारी, शिव सनोडिया, नरेन्द्र ठाकुर, संजय शर्मा, देवेन्द्र ठाकुर, मोनू मिश्रा, विनय सराफ, नरेश गोस्वामी, आनंद शर्मा, प्रवेश बाबू भालोटिया, मुनिया टांक, मनोज नामदेव सहित अन्य समिति के सदस्य उपस्थित रहे ।

### *सरहना और सहयोग मिल रहा है*





पत्रकार वार्ता आयोजित

सायकल आँन समिति संरक्षक संतोष अग्रवाल ने बताया कि सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन आयोजन समिति के संरक्षक सहित समिति के सदस्यगणों के बेहतर सहयोग से सायकल आँन कार्र्यक्रम की सफलता के लिये व्यापक प्रचार प्रसार और कार्यक्रम की आवश्यकताओं के लिये जिला प्रशासन, नगर पालिका प्रशासन , पुलिस प्रशासन एवं समाजसेवियों से कई दौर की चर्चा हुई है प्रशासन ने सायकल आँन कार्यक्रम के पिछले परिणाम की सराहना करते हुये कार्यक्रम की मुक्तकंठ से प्रशंसा करते हुये कार्यक्रम को व्यापक रूप से सफल बनाने के लिये सहयोग का भाव प्रगट किया है ।

श्री अग्रवाल ने बताया कि कार्यक्रम में पिछले वर्षो की तरह इस वर्ष भी सामाजिक क्षेत्र से सहयोग प्राप्त होना है जिसमें स्वल्पाहार सांई सेवा समिति के प्रवेश बाबू भालोटिया के द्वारा कराया जा रहा है । सायकल आँन रैली में शामिल होने वाले प्रतिभागियों को विस्किट चाकलेट वितरित की जायेगी जो राहुल किराना, दुर्गा किराना, साई किराना, अग्रवाला किराना,गोयल क प्युटर एवं पुरूषोत्तम अग्रवाल की ओर से प्रदान की जायेगी । सायकल आँन कार्यक्रम का लाइव प्रसारण गौतम डिजिटल द्वारा किया जायेगा ।

### प्रतिभागियों को लकी ड्रा के माध्यम से 30 सायकलों का वितरण

श्री अग्रवाल ने बताया कि सायकल आँन में शामिल होने वाले प्रतिभागियों के प्रोत्साहन के लिये लकी ड्रा के माध्यम से 30 सायकल प्रदान की जायेगी, जिसमें 11 सायकल पुरूष वर्ग एवं 11 सायकल महिला वर्ग के लिये होगी । एक सायकल ऐसे शिक्षक को प्रदान की जायेगी जो अपने विद्यालय सायकल से ही आना जाना करते है एक सायकल ऐसे व्यापारी को प्रदान की जायेगी जो सायकल से अपना जीवकोपर्जन करते है एक सायकल श्रमिक वर्ग के लिये होगी जो गांव से सायकल से आकर मजदूरी का काम करता है, एक सायकल प्रिंट मीडिया एवं एक इले ट्रानिक मीडिया के पत्रकार को एवं एन सी सी एवं स्काउट के लिये 1 साइकिल बालक एवं 1 साइकिल बालिका प्रदान की जायेगी । एक सायकल बेहतर साज सज्जा युक्त सायकल लाने वाले प्रतिभागी को प्रदान की जायेगी । उपरोक्त सभी सायकल कार्यक्रम के बाद लकी ड्रा के माध्यम से प्रतिभागियों को प्रदान की जायेगी । रैली के पश्चात लकी ड्रॉ निकाला जाएगा लकी ड्रॉ में उन्ही प्रतिभागियों को साइकिल प्रदान की जाएगी जो रैली में शामिल होंगे ।

### प्रतिभागियों के लिये इन्होंने प्रदान की सायकल

पत्रकारों को जानकारी देते हुये बताया गया कि यह सभी सायकल समिति को समाज के गणमान्य नागरिकों से प्रदान हुई है जिसमें सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन द्वारा, पूर्व सांसद श्रीमती नीता पटेरिया,साकार हो स के सतीश गौर, पुनीत कपूर, अतुलचंद मालू, धीरज भूरा, आदित्य मोंटू भूरा, गोलू नहाटा, सुजीत नहाटा, मोहित मालू, संतोष अग्रवाल, आशुतोष शर्मा जी, अभिषेक कमल अग्रवाल, अनुसुईया अनिल पटवा,पार्षद, मनोज शैलेन्द्र गोयल अग्राहा लॉन, किशोर सुयश सोनी, संयोग कोचर, साहू सायकल स्टोर, ग्लोब हार्डवेयर, जनक तिवारी, नितेन्द्र गुड्डू संगई, पवन बसंल, दिनेश मिश्रा चिरायु मेडिकल , नरेन्द्र ठाकुर , वैशाली राज पुरोहित से प्राप्त हुई है ।

### आयोजन स्थल पर पंजीयन की रहेगी सुविधा

समिति के अध्यक्ष कपिल पांडे ने बताया कि स्वच्छता सर्वेक्षण के इस भव्य कार्यक्रम में शिव सनोडिया की ओर से अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट किये जायेंगे। कार्यक्रम के आयोजक कपिल पांडे ने बताया कि जिन प्रतिभागियों के रजिस्ट्रेशन नहीं हो पायेंगे उनके लिये कार्यक्रम स्थल मिशन स्कूल ग्राऊंड में प्रातः 06 से प्रातः 07 बजे तक रजिस्ट्रेशन प्रदान करने की सुविधा रहेगी । रजिस्ट्रेशन स्थल पर सुधीर जिंदल, डैनी जैन, संदीप चौरसिया, अनिल पटवा, अतुल जैन गरबा कमेटी के सदस्य उपस्थित रहेगे ।

### नगर की स्वच्छता की शपथ और राष्ट्रगान से प्रारंभ होगा कार्यक्रम

श्री पांडे ने कहा कि कार्यक्रम दिनाँक 03 फरवरी को प्रातः 8:00 बजे सायकल आँन का ध्वजारोहण स्वच्छता संदेश की शपथ के पश्चात राष्ट्रगान होगा इस अवसर पर जनप्रतिनिधिगण, प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी गण समाजसेवी उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में समाज सेवी संस्थाएँ शैक्षणिक संस्थाएँ, खेल संगठन सामाजिक संस्थाओं से उपस्थिती का आग्रह किया गया है ।

### सायकल रैली का मार्ग

पत्रकार वार्ता में सायकल रैली के निर्धारित मार्ग की जानकारी देते हुये बताया गया कि मिशन स्कूल से गणेश चौक, शुक्रवारी, नेहरू रोड, दुर्गा चौक मठ स्कूल से होते हुये छिंदवाड़ा चौक, महावीर मढिया, नगर पालिका चौक, बस स्टैंड, दल सागर चौपाटी,एम.एल.बी स्कूल से भैरोगंज चौक, से कले टर बंगला से सर्किट हाऊस से बाहुबली चौक, सिंधिया पुतला से मिशन स्कूल में रैली का समापन होगा । साइकिल ऑन के सयोजक कपिल पांडे जनक तिवारी विपिन शर्मा संजय मंडल प्रवेश बाबू भोलोटिया अखलेश पांडे मोनू मिश्रा संजय शर्मा नरेंद्र ठाकुर शिव सनोडिया ने आयोजन को सफल बनाने एवं शामिल होने की अपील की है ।

### इनका होगा स मान

बताया गया कि कार्यक्रम के समापन अवसर पर पर्यावरण के क्षेत्र में बेहतर काम करने वाले श्री अंकित मालू जी एवं सायकल आँन कार्यक्रम का आकर्षक लोगो तैयार करने वाले पिंटू तरवरे जी का संस्था की ओर से स मान किया जायेगा । आयोजको ने सायकल रैली में शामिल होने प्रतिभागियों से यह अपील भी की है कि कार्यक्रम में पूरे उत्साह के साथ शामिल हो और अपनी सायकलों को लापरवाही से कहीं भी न छोड़े ।

# भाजपा लोकतंत्र को शर्मासार कर रही है - करोसिया

सिवनी यशोः- भारत देश में सत्ता पर ऐसी पार्टी बैठ गई है जिसे केन्द्र से लेकर राज्य तक, राज्य से लेकर स्थानीय निकाय तक लोकतंत्र, नियम, कानून को ताक में रखकर सिर्फ और सिर्फ सत्ता पर काबिज होना, सत्ता पाने के लिए कोई भी नियम विरूद्ध कार्य करना पड़े भाजपा के लोगो को सब मंजूर है।

जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष विष्णु करोसिया ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति में कहा कि बीते कुछ वर्षो में गोवा, कर्नाटक, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, बिहार और अनेक राज्यों में अल्पमत में होने के बाद भी विधायकों की खरीद फरो त कर पार्टी में प्रमुख पदों पर बैठे नेताओं को सरकारी तंत्र ईडी, सीबीआई द्वारा डरा धमका कर लोकतांत्रिक तरीके से चुनी हुई सरकारों को गिराकर भाजपा ने सत्ता प्राप्त कर ली।

श्री करोसिया ने कहा कि चंडीगढ़ मेयर चुनाव में जो भाजपा ने किया वह भारत के लोकतंत्र को शर्मसार करने वाली घटना है। भाजपा द्वारा पीठासीन अधिकारी से धांधली कराकर आप और कांग्रेस पार्टी के 20 में से 8 मत निरस्त कराकर 12 वोट प्राप्त करने वाले भाजपा को मेयर पद पर बिठा दिया। विडियों रिकार्डिंग में बडा ही स्पष्ट दिखाई दे रहा है कि पीठासीन अधिकारी अपने हाथों से मतों को निरस्त कर रहा है यह विडियों देश ही नही दुनिया भर ने देखा। लेकिन भाजपा को इस बात का बिलकुल भी भय नहीं है कि इतनी बड़ी धांधली हम लोगों के साथ कैसे कर सकते है उन्हें तो हर हाल में साम-दाम, दंड-भेद, छल-कपट किसी भी तरह से सत्ता पर काबिज होना है भाजपा की ओछी हरकत को देखकर यह लगता है कि कुछ समय बाद देश के लोकतंत्र को खतम कर देंगे और तानाशाह शासक की तरह पूरे देश में बिना चुनाव कराये देश में शासन करना चाहते है।

## जबरन नॉलेज




# जनपद का सरकारी तंत्र कैसे करता है काम, महाविद्यालयीन छात्रों ने समझा

सिवनी यशोः- मप्र जन अभियान परिषद लखनादौन अंतर्गत स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय में अध्ययनरत मु यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व विकास पाठ्यक्रम के तहत समाज कार्य स्नातक एवं स्नातकोत्तर के छात्रों ने आज अपने विषय अंतर्गत लखनादौन जनपद पंचायत कार्यालय का भ्रमण किया,इस कार्यक्रम में जन अभियान परिषद लखनादौन की विकासखंड समन्वयक श्रीमती रीतावर्मा श्रीवास्तव एव पाठ्यक्रम के परामर्शदातागण ने मार्गदर्शन देते हुए छात्रों को जनपद के अधिकारियों से परिचित कराया,ततपश्चात मु यकार्यपालन अधिकारी के के रैकवार द्वारा छात्रों को जनपद पंचायत के अधिकारियों एवं उनके कार्यों की विस्तृत जानकारी देते हुए,अपने अधीनस्थ विभागों व उनके अधिकारी कर्मचारी से परिचय उनकी कार्यप्रणाली उनके अधिकारों के विषय मे विस्तृत रूप से समझाया,उन्होंने बताया की किस



प्रकार जब कोई हितग्राही आवेदक आवेदन करता है तो उसपर कैसे कार्यालय तंत्र कार्य को पूर्ण कर उस आवेदन का निपटान करते है,विभागीय रूप से इस कार्यक्रम में अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी महेंद्र लाड़िया,समग्र स्वच्छता विकासखंड समन्वयक नीरज बघेल,पेसा समन्वयक संजय कुमरे,आवास परियोजना समन्वयक आशुतोष दुबे सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे,कार्यक्रम में सीईओ के के रैकवार द्वारा छात्रों की अधिकारी कर्मचारियों की बैठक परियोजना सभाकक्ष में ली जिसमे उन्होंने मासिक बैठक,समसामयिक बैठक करना उनके एजेंडे आदि पर चर्चा कर,दस्तावेजीकरण व निस्पादन का तौर तरीका,शासन की विभिन्न लोकहितकारी योजनाओ व उनका कियान्वियन,पात्र व अपात्र हितग्राहियों की पहचान के नियम,मनरेगा योजना का कियान्वियन, पंचायतीराज अधिनियम के तहत त्रिस्तरीय पंचायत व्यवस्था का गठन एव किर्यान्वयन की विस्तृत जानकारी देते हुए पंचायती राज अधिनियम के तहत विभिन्न महत्वपूर्ण धाराओं के अधीन अधिकारी व पंचायत प्रतिनिधि को प्राप्त अधिकार एवं उनकी जनता के प्रति जि मेदारी एवं उनके विरुद् जनता को अधिकार स बंधित विषय पर जानकारी दी। कार्यक्रम में उपस्थित विकासखंड समन्वयक रीता वर्मा व परामर्श दाताओं के निर्देशन में मु यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के छात्रों ने बैठक में प्राप्त हुई महत्वपूर्ण जानकारियां अपनी नोटबुक में लिखीं,श्री रैकवार ने पंचायतों की संरचना व जनपदों में गठित विभिन्न समितियों के सदस्यों का चयन उनके अधिकार कार्य व मर्यादाएं विषय पर भी विस्तृत व्या यान देते हुए अध्ययन कर रहे छात्रों को समाज कार्य के अंतर्गत की जाने वाली गतिविधियों व लोकहित के कार्य को करने प्रेरित करते हुए एवं सफल नागरिक बनने की अपील की।

# अमर शहीद आरक्षक के आंगन की माटी लेने ग्राम डोभ पहुँचा मातृ शक्ति संगठन

सिवनी यशोः-जीवन का अंतिम छोर तो मृत्यु ही है किंतु तिरंगे के कफ़न में स मान के साथ इस देश से अलविदा होना सबकी किस्मत में नहीं। पिछले दिनों अपराधियों की गिर तारी के लिए गए पुलिस के जवान राकेश ठाकुर जी भी इसी कहानी का हिस्सा बनते हुए उन्होंने अपना सर्वस्य न्यौछावर



किया एवं अपने परिवार को छोड़कर दुनियाँ से अलविदा कह गये ।

मुड़भेड़ दे दौरान एक अपराधी की गोली उन्हें लगी और इलाज के दौरान उन्होंने नागपुर में अंतिम साँस ली।

आज उनके ही गाँव डोभ में गंगाजली पूजन के समय मातृ शक्ति संगठन अपनी यूथ विंग के साथ उपस्थित हुआ ।

जहां संगठन द्वारा उनके परिवार का साहस बंधाया गया व संगठन अध्यक्ष द्वारा श्रद्धाजंलि पत्र का वाचन किया गया ततपश्चात अमर शहीद राकेश भाई के आँगन की माटी को संगठन की प्रथा अनुसार सस मान अपने साथ लाया गया।

इस कार्यक्रम में जिला पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार सिंह , अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जी डी शर्मा एवं समस्त पुलिस बल के साथ अनेक प्रबुद्ध जन शामिल हुए एवं नम आँखों की श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

# विधायक दिनेश राय की आभार रैली का ग्रामीण कर रहे भव्य स्वागत

सिवनी यशोः- बुधवार 31 जनवरी को सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन ने जन आभार यात्रा मे पहुंचकर ग्रामीण जनों का आभार व्यक्त किया। विधायक श्री राय ने जन आभार यात्रा के तहत विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम लोनिया से यात्रा आरंभ कर सिमरिया, दिघौरी, ढेंकी, तिघरा, खापा, घोंटी एवं टिकारी आदि ग्रामों का दौरा किया उन्होंने ग्रामीण बंधुओं से मुलाकात कर आभार प्रकट करते हुये कहा कि आप लोगों ने मुझे जिस विश्वास के साथ भारी बहुमत से विजयी बनाया है उस विश्वास के अनुरूप कार्य किये जायेंगे आप सभी मेरा परिवार है । इस दौरान ग्रामीणों बंधुओं द्वारा जगह-जगह आतिशबाजी, ढोल-



बाजे बजाकर भव्य आगवानी की एवं शाल श्रीफल भेंटकर कर फूलमालाओं से आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर कांशीराम बघेल अतरसिंह बघेल, कोमल बघेल, घनश्याम बघेल विधायक प्रतिनिधि, सुरेन्द्र बघेल, निरंजन बघेल, नीलू बघेल, मनोज बघेल, नारायण बघेल, हेमराज बघेल, मुकुंद बघेल, जिनेश बघेल, गोलू बघेलए मुनू बघेल, गोपाल बघेल, रघुराज बघेल , रामदयाल बघेल, थानसिंह बघेल, सुनील बघेल, गुडई यादव, महेश बघेल सुन्दर बघेल, मोहनसिंह बघेल , योगेश बघेल, महासिंह बघेल, संजय बघेल सहित ग्रामीण बंधुओं की गरिमामय उपस्थिति रही। इसके अलावा गत दिवस विधायक दिनेश राय मुनमुन जामुनटोला, बांदरा एवं बजरवाडा के मध्य स्थित गुरलूघाट पहुंचे। जहां पर मां बंजारी सेवा समिति द्वारा आयोजित एक कुण्डीय शतचंडी महायज्ञ एवं देवी भागवत महापुराण मे शामिल होकर कथा का श्रवण किया। तथा व्यासपीठ पर विराजमान पूज्य श्री अमृतदास जी महाराज को शाल श्रीफल भेंटकर स मानकर आशीर्वाद प्राप्त किया।

# श्रीमती चंदादेवी सोनी का निधन



सिवनी यशोः-सुभाष वार्ड सुनारी मोहल्ला निवासी योगमाया आपसेट के संचालक साहित्य प्रेमी महेश सोनी जी की पत्नि श्रीमती चन्दा देवी सोनी पत्नी का बुधवार 31 जनवरी के अचानक निधन होगया जिनकी अंतिम यात्रा आज गुरूवार 01 फरवरी को प्रातः 10 बजे उनके सुनारी मुहल्ला निज निवास से कटंगी रोड मोक्षधाम के लिये निकाली जायेगी ।

स्वर्गीय चंदादेवी सोनी ज्योतिषाचार्य अवनीश, आशीष, अरुणीश(टप्पी) की माता जी है, वे भरा पूरा परिवार को छोड़कर स्वर्गवासी हुई है ।

# स्टेडियम परिसर में नवनिर्मित शौचालय भवन का कले टर ने किया लोकार्पण



सिवनी यशोः- कले टर एवं अध्यक्ष जिला स्टेडियम समिति क्षितिज सिंघल ने बुधवार 31 जनवरी 2024 को स्टेडियम मैदान में 10.73 लाख रूपये लागत से नवनिर्मित पुरूष एवं महिला शौचालय भवन का लोकार्पण किया। स्टेडियम परिसर के अंदर शौचालय भवन के निर्माण हो जाने से स्टेडियम में अ यास करने वाले धावकों एवं छात्र-छात्राओं को सुविधा होगी। इस अवसर पर जिला योजना अधिकारी एस आर मरावी, श्री नेमा सहित अन्य अधिकारियों की उपस्थिति रही।

# सदियों से श्रीराम की प्रतीक्षा कर रही मातृशक्ति के नयनों की आस पूरी

**डॉ वंदना गांधी**

सिया राममय सब जग जानीज.। आज भारत ही नहीं बल्कि पूरा लोक ही राममय हो उठा है। करोड़ों भारतवासियों के आराध्य प्रभु श्री राम अपने मंदिर में पुनः विराजित होने जा रहे हैं। करोड़ों लोगों की आस्था और विश्वास फलीभूत होने जा रहे हैं। उत्सव की इस घड़ी में हर गली-मोहल्ले से श्रीराम संकीर्तन की धुन पर लोग मतवाले हो रहे हैं। शहरों और गाँवों की गली-गली श्रीराम के स्वागत में भगवा पताकाओं से सजाई जा रही हैं।

सदियों से श्रीराम की प्रतीक्षा कर रही मातृशक्ति के नयनों की आस पूरी हो रही है। राम आएंगे तो अंगना सजाऊँगी, गीत गाने-गुनगुनाने वाले घर-आँगन, चौक-चौबारे को धो-बुहारकर रंगोली संजाने लगे हैं। रामजी के नए परिधान तैयार करा लिए हैं तो किसी ने पालना सज़ा लिया है भोग के लिए लड्डू तैयार हैं, मंदिरों की साज-सज्जा कर पूजा की तैयारी पूरी कर ली गई है।

मातृशक्ति अश्रुपूर्ण नयनों से इस समय के साक्षी बनने का सौभाग्य प्राप्त कर रही हैं। एक ओर ये अश्रु आनंद के हैं कि हमारे रामलला टेंट-टीनशेड से निकलकर पुनः अपने मंदिर में विराजमान होंगे तो दूसरी ओर ये अश्रु उनके स्मरण में भी हैं जिन्होंने रामलला को पुनः अपने मंदिर में प्रतिष्ठित कराने के लिए अपने प्राणों का उत्सर्ग कर दिया। इन्हीं के सद्प्रयासों से आज हम इतने असीम आनंद के पलों के प्रत्यक्षदर्शी हो पा रहे हैं। निश्चित ही वे भी स्वर्ग से पुष्प वर्षा कर रामलला का स्वागत अवश्य कर रहे होंगे।

श्रीराम जी के विग्रह की पुनर्स्थापना के लिए 500 वर्षों की प्रतीक्षा, संघर्ष और तपस्या के पूर्ण होने के क्षण आ गए हैं। इन क्षणों को असं य कारसेवकों के शौर्य, साहस और समर्पण से प्राप्त किया जा सका है। ऐसे में पूरा समाज गौरव से भरा है, जिसने प्राणपण से इस पुण?य कार्य के लिए प्रयास किए हैं। भगवान श्रीराम की पुनर्प्रतिष्ठा के सद्प्रयासों में मातृशक्ति भी बढ़-चढ़कर स मलित रही और अपना अतुलनीय योगदान दिया।



1990 के दशक में जब राम मंदिर आंदोलन चल रहा था तब एक महिला ही थीं जिन्होंने सबसे पहले राम मंदिर निर्माण का प्रस्ताव भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक में रखा था और वे महिलाएँ ही थीं जिनकी आवाज़ इस आंदोलन का प्रेरक मंत्र बन गई थी। इनमें से एक साध्वी ऋतंभरा जी कहतीं भी हैं- ÷लंबी प्रतीक्षा का फल है। राम मंदिर विध्वंसकों के आगे हमारा संकल्प जीता। जनता जनार्दन ने असंभव को संभव कर दिया।÷

अयोध्या में श्रीराम मंदिर निर्माण के लिए चलाए जा रहे आंदोलन में शीर्ष पर भी मातृशक्ति अपनी महत्वपूर्ण भूमिका में थीं। देशभर में राम मंदिर आंदोलन की अलख जगाने में महिलाओं ने बहुत सक्रिय और महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। भाजपा की संस्थापकों में से एक रहीं राजमाता विजयाराजे सिंधिया, साध्वी ऋतंभरा और 30 वर्ष की उम्र में सांसद बनी उमा भारती तो आंदोलन के शीर्ष नेतृत्व में ही स मलित थीं। राजमाता विजया राजे सिंधिया का मार्गदर्शन एवं सहायता आंदोलन में संजीवनी का काम कर रही थी।

वे भारतीय जनता पार्टी की संस्थापक सदस्य रहीं और राम मंदिर आंदोलन की प्रमुख चेहरा बन गई थीं। 1988 में भाजपा की राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक में मंदिर निर्माण के लिए प्रस्ताव लाने वाली राजमाता सिंधिया ही थीं। इसी के बाद राम मंदिर का मुद्दा भारतीय जनता पार्टी के प्रमुख लक्ष्यों और संकल्पों में शामिल हो गया। भाजपा नेता पूर्व केंद्रीय मंत्री श्री लालकृष्ण आडवाणी ने 1989 में सोमनाथ से अयोध्या के लिए रथयात्रा निकाली जिसे राजमाता ने पूरा सहयोग दिया। श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन में उनकी भूमिका विशेष रही और एक प्रमुख नेता के रूप में वे नेतृत्व करने वालों में शामिल थीं। 6 दिसंबर को ऐतिहासिक कारसेवा वाले दिन अयोध्या में रामकथा कुंज के मंच से उन्होंने भी संबोधित किया था।

आंदोलन के उस दौर मे साध्वी ऋतंभरा और उमा भारती ने देशभर में सभाएं कीं, रामभक्तों में उत्साह जगाने का कार्य किया। वे दोनों आंदोलन की उत्साही युवा चेहरा बन गई थीं। साध्वी ऋतंभरा की प्रेरक और ओजपूर्ण वाणी घर-घर में गूंजने लगी थी। दोनों के भाषण जनमानस में उत्साह भरने और आंदोलन में तेजी लाने में बहुत सफल रहे।

साध्वी ऋतंबरा के भाषण सुनने के लिए सभाओं में भारी सं या में लोग जुटते, इनमें मातृशक्ति भी स मलित रहती। भाषण पूरा होने तक सभी लोग 'हम मंदिर वहीं बनाएंगे' का संकल्प लेकर लौटते़। उनके भाषणों के ऑडियो टेप उस समय बहुत अधिक लोकप्रिय थे। दोनों के भाषणों ने समाज जागरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। रामकथा कुंज के मंच से संबोधित करने वालों में साध्वी ऋतंभरा और उमा भारती भी थीं।

आंदोलन का नेतृत्व करने वाली ये प्रमुख महिलाएं ही नहीं बल्कि 1990 के दशक में बड़ी सं या में महिलाओं ने आगे आकर राम जन्म भूमि आंदोलन में सक्रियता से भाग लिया था। एक अनुमान के अनुसार 55 हज़ार महिला कारसेवक राम जन्मभूमि में कारसेवा में सक्रिय रहीं थीं। आंदोलन का नेतृत्व कर रहे संगठन विश्व हिन्दू परिषद की दुर्गावाहिनी की बहनें उस समय देशभर में भगवान श्रीराम मंदिर निर्माण के लिए राष्ट जागरण के कार्य में लगी थीं।

नवंबर 1990 और दिसंबर 1992 में कारसेवा में जो माताएं-बहनें नहीं जा सकीं उनका योगदान भी कम नहीं रहा। जाने कितनी मांओं और बहनों ने अपने पिता, पुत्र, पति, भाई के माथे पर तिलक लगाकर बड़ी श्रद्धा और स मान से उन्हें रामकाज में अपनी भागीदारी निभाने के लिए गर्व के साथ अयोध्या भेजा जबकि वे जानती थीं कि हो सकता है ये कारसेवक वहां से वापस न लौटें और अपने राम के लिए बलिदान हो जाएं।

यहां यह भी स्मरण रखा जाना चाहिए कि तब की परिस्थितियां कैसी प्रतिकूल थीं जब कारसेवकों पर गोलियां तक चलवा दी गई थीं। यह सब जानते हुए भी कारसेवकों को विदा करते समय उनके माथे पर अक्षत-रोली सजाते न तो इन महिलाओं के माथे पर शिकन आई न उनकी आंखों से तनिक अश्रु बहे बल्कि उनके हर्ष और गर्व को देख घर से विदा लेते पुरुषों का उत्साह कई गुना बढ़ जाता था।

मातृशक्ति ने उस समय अयोध्या में उमड़े असं य कारसेवकों के भोजन से लेकर दवाइयों तक कोई कमी नहीं आने दी थी। राम काज का व्रत लेकर घरों से निकले कार सेवकों की भोजन आदि आवश्यकताओं की पूर्ति मातृशक्ति ने पूरे देश में स्थान-स्थान पर की। इसमें मातृशक्ति का जोश और भाव देखते ही बनता था। कोई मातृशक्ति कारसेवकों का मार्ग प्रशस्त करती उन?हें पुलिस से छिपते-छिपाते सुरक्षित स्थानों पर पहुंचा देती तो कोई कड़ाके की ठंड में मां और बहन की भूमिका में आकर उन्हें मातृवत अपने घरों में प्रश्रय देतीं। 6 दिसंबर को कार सेवा के दौरान जहानाबाद की तब 32 वर्ष की उन एक महिला वकील ललि?ता सिंह की कहानी ही पूरे देश की मातृशक्ति के मन की बात कह देती है जो अपने नन्हें शिशु को किसी और को थमा कर गुंबद पर जा चढ़ी थीं। यह भी उल्लेखनीय है कि बाबरी ढांचा ढहाए जाने के मामले के मु य आरोपियों में भी तीन महिलाएं थीं। यह भारत भूमि की मातृशक्ति है जो देश, धर्म, समाज की आन-बान पर आ पड़े तो अपनी चिंता छोड़ रणभूमि में उत्तर पड़ती है।

सदियों के अथक संघर्ष के बाद जो आनंद के पल आये हैं उसका उत्सव मनाने के लिए मातृशक्ति ने भी खूब तैयारियाँ की है। इन नयनों ने भगवान राम की सदियों प्रतीक्षा की है। भगवान श्रीराम की प्राण-प्रतिष्ठा की मंगल बेला आ गई है। यह एक नये युग का आरंभ है। भगवान श्रीराम का मंदिर हिंदुओं की आस्था का केन्द्र बिंदु है। जब हिन्दू समाज के इस संघर्ष की गाथा कही और लिखी जाएगी मातृशक्ति का उल्लेख उसमें प्रतिष्ठा के साथ होगा।

# सत्येंद्र का साहस चुनौतियों से लडऩे की प्रेरणा देने वाला- इंदापुरकर

**क्रीड़ा भारती ने किया पद्मश्री लोहिया का स मान**

ग्वालियर। ग्वालियर-चंबल की धरती का खेलों के क्षेत्र में राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मान बढ़ाने वाले दिव्यांग तैराक सत्येंद्र सिंह लोहिया को रविवार को राष्ट्रोत्थान न्यास भवन में क्रीड़ा भारती ने स मानित किया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मु य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ मध्य भारत प्रांत के प्रांत कार्यवाह यशवंत इंदापुरकर थे। अध्यक्षता क्रीड़ा भारती के प्रांतीय अध्यक्ष दीपक सचेती ने की। अतिथियों ने श्री लोहिया का रोली, चावल से तिलक किया एवं शॉल एवं श्रीफल भेंट कर स मान किया।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मु य अतिथि श्री इंदापुरकर ने कहा कि सत्येंद्र लोहिया ने जिस साहस के साथ चुनौतियों का सामना किया है, वह प्रेरणादायक है। उन्हें पद्मश्री मिलना समूचे ग्वालियर-चंबल के लिए गौरव की बात है। क्रीड़ा के क्षेत्र में यह बड़ी उपलब्धि है। हम चाहेंगे कि इस माटी से ऐसी ही और भी प्रतिभाएं आगे आएं इसके लिए श्री लोहिया को यहां के युवाओं को प्रशिक्षण देने का काम करना चाहिए। अध्यक्ष दीपक सचेती ने कहा कि शारीरिक क्षमता से अधिक मानसिक ताकत का महत्व है। इसे सत्येंद्र ने पद्मश्री पाकर साबित कर दिया है। वे भविष्य में इससे भी बड़े कीर्तिमान बनाएं, यह हम सबकी इच्छा है।

**अभिभूत हूं, सदैव योगदान को तैयार-लोहिया**

अपने उद्बोधन में पद्मश्री सत्येंद्र लोहिया ने कहा कि स मान की घोषणा से मैं अभिभूत हूं। उन्होंने कहा कि वे ग्वालियर-चंबल की धरती से हैं इसलिए यहां के युवाओं को प्रोत्साहन एवं प्रशिक्षण देने के लिए सदैव उपलब्ध रहूंगा। उन्होंने कहा कि जो इंसान काम करके आगे बढ़ता है उसे दुनिया पूछती है। इसीलिए अपने कर्म पर भरोसा रखना चाहिए। मैंने भी कर्म किया है इसलिए आज उपलब्धियां मेरे हाथों में हैं। यह स मान एक देहात जैसी छोटी सी जगह से निकले साधारण परिवार को मिला है। उन्होंने कहा कि आगामी लक्ष्य 2026 में होने वाले एशियन गे स में पैरास्विमिंग में स्वर्ण जीतने का है।

**अब तक के स मान ÷**

भिंड जिले के मेहगांव जनपद के गाता गांव में 6 जुलाई 1987 को जन्मे सत्येंद्र ने पास में ही बहने वाली बेसली नदी में उछल-कूद कर तैराकी सीखी। दोनों पैरों से दिव्यांग लोहिया के पिता गयाराम लोहिया ने खेती की जमीन बेचकर वर्ष 2000 में लक्ष्मीबाई राष्ट्रीय शारीरिक शिक्षण महाविद्यालय में प्रवेश दिलाया । इसके बाद लोहिया के कदम आगे बढ़ते गए।

वर्ष 2014 में विक्रम स मान।

वर्ष 2017 में सिडनी में स्वर्ण पदक।

2018 में इंग्लिश चैनल, कैटनील चैनल अमेरिका ,नॉर्थ चैनल, इंग्लिश चैनल टू वे पार किया।

2019 में तेनजिंग नोर्गे राष्ट्रीय अवार्ड।

2020 में सर्वश्रेष्ठ दिव्यांग खिलाड़ी।

2024 में पद्मश्री ( आगामी मार्च माह में राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू प्रदान करेंगी)।

कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ लश्कर जिले के संघचालक प्रहलाद सबनानी, मध्यभारत प्रांत के सह बौद्धिक प्रमुख विजय दीक्षित, ग्वालियर विभाग के विभाग कार्यवाह देवेंद्र गुर्जर, क्रीड़ा भारती के प्रांतीय उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य के के कल्याणकर, विभाग संयोजक डॉ. अविशेष सिंह ,सह-संयोजक गोविंद मल्होत्रा, मंत्री भरत जाजोरिया, सुधीर शर्मा, संजीव गोयल आदि उपस्थित रहे।

# प्रदेश में श्रवण बाधित विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के लिये सांकेतिक भाषा की सुविधा

## राज्य शिक्षा केन्द्र ने जिला कले टर को लिखा पत्र

भोपाल । प्रदेश में श्रवण बाधित विद्यार्थियों एवं शिक्षकों की सुविधा के लिये आधारभूत कौशल कोर्स तैयार किया गया है। यह कोर्स 30 से 40 घंटे का भारतीय सांकेतिक भाषा अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केन्द्र ने ऑनलाइन तैयार किया है।

श्रवण बाधित विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को यह कोर्स प्रशिक्षण केन्द्र की वेबसाइट 222.द्बह्यद्यह्म्ष्.ठ्ठद्भ.द्ब्ठ पर, यू-ट्यूब चेनल की लिंक पर तथा ` यू-आर कोड से डाउनलोड किया जा सकता है। जिला शिक्षा, जनपद और जनशिक्षा केन्द्रों के माध्यम से सभी स्कूलों में यह कोर्स बच्चों को उपलब्ध कराया जाना चाहिए, जिससे उन्हें अध्ययन में सुविधा हो सके। इस संबंध में विस्तृत जानकारी जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय एवं जिला परियोजना समन्वयक राज्य शिक्षा केन्द्र कार्यालय से प्राप्त की जा सकती हैं।

**कक्षा 5 एवं 8 की वार्षिक परीक्षा के तृतीय भाषा के निर्देश**

दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम के अंतर्गत कक्षा 5 व 8 के दृष्टिबाधित छात्रों के लिये गणित विषय के स्थान पर संगीत विषय का विकल्प चयन करने का प्रावधान है। राज्य शिक्षा केन्द्र ने परीक्षा सत्र 2023-24 में कक्षा 5 एवं 8 की वार्षिक परीक्षा में तृतीय भाषा के संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश जारी किये हैं। तृतीय भाषा अशासकीय शालाओं में मांग के अनुसार पंजाबी, गुजराती, उड़िया और संस्कृत है।

कक्षा 8 में तृतीय भाषा के रूप में पंजाबी, गुजराती और उड़िया भाषा एवं राजगढ़ व बुरहानपुर जिलों में जिलों के अशासकीय विद्यालयों में कक्षा 5 में शालाओं की मांग के क्रम में अतिरिक्त भाषा के रूप में संस्कृत विषय का बच्चों को अध्ययन कराया गया है। राज्य शिक्षा केन्द्र में इन विषयों के प्रश्न पत्र डाइट स्तर पर निर्मित कराये जाने के संबंध में निर्देश दिये हैं। निर्देशों में कहा गया है कि जिले में दर्ज इन विषयों के बच्चों की वास्तविक सं या के अनुसार प्रश्न पत्रों का निर्माण पूरी गोपनीयता के साथ समय-सीमा में किया जाए। इसका उत्तरदायित्व संबंधित जिला परियोजना समन्वयक का रहेगा।

# छतरपुर में महिला आईएएस को रिश्वत देता शिक्षक गिर तार

भोपाल। मध्य प्रदेश में ज्यादातर कर्मचारी लोकायुक्त पुलिस द्वारा रिश्वत लेते हुए गिर तार किए जाते हैं परंतु आज छतरपुर जिले में कोतवाली थाना पुलिस द्वारा महिला आईएएस अधिकारी को ?50000 रिशु देता हुआ एक शिक्षक गिर तार किया गया है। जानकारी मिली है कि श्री विशाल अस्थाना शिक्षक को जिला पंचायत की मु य कार्यपालिका अधिकारी सुश्री तपस्या सिंह परिहार आईएएस द्वारा सस्पेंड कर दिया गया था। श्री विशाल अस्थान पर आरोप है कि उन्होंने चुनाव ड्यूटी में लापरवाही की और अनुपस्थित रहे। सुश्री तपस्या सिंह ने बताया कि शिक्षक श्री विशाल अस्थाना को नोटिस दिया गया था। जवाब में उन्होंने बताया कि वह मेडिकल लीव पर थे। उनके जवाब की पुष्टि के लिए जिला शिक्षा अधिकारी को, जवाब की जांच करने के लिए कहा गया था।

# खेलो इण्डिया यूथ गे स : मध्यप्रदेश के खिलाड़ियों ने अर्जित किये 3 रजत पदक

भोपाल । 30 जनवरी 2024 को खेलो इण्डिया यूथ गे स-2023 तमिलनाडु में मध्यप्रदेश के शूटिंग (स्कीट) तैराकी और थांगता खेल के खिलाड़ियों ने खेल कौशल का अच्छा प्रदर्शन कर 1-1 रजत पदक अर्जित कर प्रदेश को गौरवान्वित किया। दोनों विजेता खिलाड़ियों को खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग और संचालक खेल श्री रवि कुमार गुप्ता ने प्रशंसा करते हुए बधाई दी हैं।

**म.प्र. के शूटिंग (स्कीट) खेल में जीता - 1 रजत पदक**

30 जनवरी 2024 को मध्यप्रदेश के शूटिंग खिलाड़ियों कु. वंशिका तिवारी और उदय मान सिंह राठौर की जोड़ी ने स्कीट मि स्ड इवेन्ट में अपने खेल कौशल से सटीक निशाना साधकर 1 रजत पदक अर्जित किया। स्वर्ण पदक तेलंगाना के खिलाड़ियों युवेक बट्टुला वेकंट लक्ष्मी लक्कु ने और कांस्य पदक पंजाब के खिलाड़ियों जोरवार एस वेदी, रिषम गुरोन ने प्राप्त किया।

**म.प्र. के तैराकी खेल में जीता - 1 रजत पदक**

30 जनवरी 2024 को प्रदेश के तैराकी के खिलाड़ी सिद्धांत सिंह जदौन ने 200 मी. मिडले व्यक्तिगत स्पर्धा में खेल प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करते हुए 1 रजत पदक अर्जित किया।

**म.प्र. के थांग-ता खेल में भी जीता - 1 रजत पदक**

30 जनवरी 2024 को प्रदेश के थांग-ता खेल की खिलाडी कु. वैष्णवी साहू ने खेल प्रतिभा और कौशल का बेहतर प्रदर्शन कर 1 रजत पदक अर्जित किया। उल्लेखनीय है कि खेलो इंडिया यूथ गेस-2023 का आयोजन 19 जनवरी 2024 से 31 जनवरी 2024 तक तमिलनाडु के विभिन्न शहर चैन्नई, कोयंबटूर, मदुरई एवं त्रिची में आयोजित किया जा रहा है। खेलो इंडिया यूथ गेस-2023 में कुल 26 विधाएँ खेली जायेंगी, जिसमें से म.प्र द्वारा कुल 20 विधाओ में 195 खिलाड़ी एवं 58 स्पोर्ट स्टॉफ, कुल 253 सदस्य प्रतिभागिता कर रहे हैं।

# इंदौर में एक बार फिर दिखा तेंदुआ,

इंदौर। मंगलवार को इंदौर के सुपर कॉरिडोर के नैनोद क्षेत्र में तेंदुआ का मूवमेंट फिर से देखा गया, जिसके बाद एक बार फिर हडकंप मच गया है। जानकारी के अनुसार तेंदुए को कंपनी के गार्ड के द्वारा क पनी के गेट के बाहर देखा गया, जिसके बाद गार्ड ने वन विभाग की टीम को सूचित किया। जिसके बाद वन विभाग ने तत्काल सर्च ऑपरेशन शुरू किया है और तेंदुए की सर्चिंग जारी है।

**तेंदुआ ने गाय को झपट्टा मारा, इलाज जारी**

इंदौर के सुपर कॉरिडोर में तीन दिनों के बाद तेंदुआ का फिर मूवमेंट देखा जा रहा है। इससे पहले उसने एक गाय को निशाना बनाया, जिसके पेट पर झपट्टे और दांतों के निशान हैं। तेंदुए के हमले के बाद गाय को घायल हालत में पाया गया है और इलाज जारी है। जानकारी के मुताबिक इंदौर के सुपर कॉरिडोर और नैनोद में तेंदुए के पंजे के निशान भी मिले हैं।

**इलाके में बच्चों को खतरा, वन विभाग ने जारी किया अलर्ट**

इसके बाद वन विभाग का कहना है कि तेंदुआ भूखा है और इसके चलते बच्चों को खतरा हो सकता है। वन विभाग ने इलाके के बच्चों को लेकर सतर्क रहने की चेतावनी दी है, खासकर सुबह और शाम के समय। रात में ड्रोन के जरिए भी तेंदुए की सर्चिंग की जाएगी, और इस दौरान वन विभाग की टीम भी मौके पर मौजूद रहेगी। वन विभाग के अधिकारी तेंदुए की लगातार तलाश कर रहे है। जानकारी के अनुसार इलाके में वन विभाग के 2 पिंजरे और 6 कैमरे लगाकर तेंदुए पर नजर रखी जा रही है।

# महात्मा गांधी की राम राज्य की परिकल्पना सुशासन का प्रतीक है - मु यमंत्री डॉ. यादव

## मु यमंत्री डॉ. यादव "पीर पराई जाणे रे" भक्ति संध्या में शामिल हुए

**रविन्द्र भवन परिसर में आयोजित पांच दिवसीय लोकरंग कार्यक्रम का समापन**

भोपाल । मु यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने राम राज्य की परिकल्पना की थी। गांधी जी की यह परिकल्पना आज सुशासन का प्रतीक है। गांधी जी ने सत्य, अहिंसा के मार्ग पर चलकर जीवन में सफलता हासिल की। उन्होंने अंग्रेजों से देश को आजाद कराने में अहम भूमिका निभाई थी। महात्मा गांधी जी की कार्यशैली और उनके प्रयोग अद्भुत थे। ऐसे महापुरूष को उनकी पुण्यतिथि पर हृदय से सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ। मु यमंत्री डॉ. यादव रविन्द्र भवन परिसर में लोकरंग कार्यक्रम के समापन अवसर पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर आयोजित ÷पीर पराई जाणें रे÷ भक्ति संध्या को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व मंत्री श्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी, प्रमुख सचिव संस्कृति एवं पर्यटन श्री शिव शेखर शु ला सहित कला प्रेमी उपस्थित थे।



मु यमंत्री डॉ. यादव ने महात्मा गांधी जी के जीवन प्रसंगों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि गांधी जी ने अपनी आत्मकथा में स्वयं से संबंधित विभिन्न पहलुओं से अवगत कराया है। उन्होंने कहा कि गांधी जी के व्यक्तित्व और कृतित्व से भगवान श्रीकृष्ण का पांच हजार साल पुराना काल याद आ जाता है।

मु यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आज लोकरंग के समापन अवसर पर महात्मा गांधी की पुण्यतिथि भक्ति संध्या के रूप में मनाई जा रही है। लोकरंग का पांच दिवस तक बहुत अच्छा आयोजन हुआ। इसके लिए मैं आयोजकों को हृदय से बधाई देता हूँ। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों की नितांत आवश्यकता है, जिसमें ज्यादा से ज्यादा लोग जुड़ सकें।

मु यमंत्री डॉ. यादव ने मध्यप्रदेश में स्वाधीनता संग्राम के इतिहास पर केन्द्रित छह पुस्तकों का विमोचन किया। इनमें उज्जैन, खण्डवा-बुरहानपुर, खरगोन, भोपाल, छिंदवाड़ा एवं शहडोल-उमारिया-अनूपपुर के स्वाधीनता संग्राम पर केन्द्रित पुस्तकें शामिल हैं। मु यमंत्री डॉ. यादव को मध्यप्रदेश में स्वाधीनता संग्राम का इतिहास की पुस्तक भेंट की गई।

संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व मंत्री श्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने कहा कि गांधी जी का विचार था कि दूसरे की पीर या दुःख को समझने वाला ही इंसान कहलाने के योग्य है। उन्होंने राम राज्य की परिकल्पना कर सबके सुखी, निरोगी, मंगल और कल्याण की कामना की थी। प्रधानमंत्री श्री मोदी और मु यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में रामराज्य की परिकल्पना के अंतर्गत सुशासन के लिए विभिन्न कार्य हो रहे हैं। भगवान राम ने आम जनता को देश भक्ति का पाठ पढ़ाया । देश समाज और राष्ट्र के लिए कार्य करने का संकल्प लेने में ही गांधी जी के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। प्रधानमंत्री श्री मोदी राम राज्य की परिकल्पना से प्रेरित होकर सबका साथ-सबका विकास के लिए कार्य कर रहे हैं।

प्रमुख सचिव संस्कृति श्री शिव शेखर शु ला ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि लोकरंग कार्यक्रम के अंतर्गत आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश, आत्म निर्भर भारत और लोकल फॉर वोकल की थीम को साकार किया गया। आयोजन में अपार जन समूह एकत्रित हुआ। आयोजन की सफलता के लिए उन्होंने जनता का हृदय से आभार माना।

मु बई की कलाकार सुश्री स्वाति मिश्रा और उनके दल द्वारा आकर्षक भक्ति भजनों की प्रस्तुति दी गई। उनके भजनों पर श्रोता मंत्र मुग्ध होकर तालियां बजाने लगे। मु यमंत्री डॉ. यादव ने कलाकारों का स्वागत एवं स मान किया। उन्होंने कार्यक्रम के शुभारंभ में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की।

# भोपाल से रायसेन जा रही बारातियों से भरी बस पलटी,

रायसेन। भोपाल से रायसेन आ रही बारतियों से भारी बस अचानक अनियंत्रित होकर पलट गई. हादसे में बस में सवार 20 से अधिक यात्री घायल हो गये. वहीं तीन यात्रियों को गंभीर हालत मे भोपाल रेफर किया गया है. घटना मंगलवार रात्र लगभग 11 बजे की है. भोपाल से रायसेन की और आ रही बारतियों से भारी बस अचानक पलट गई. बस में 50 से अधिक यात्री सवार थे. दूल्हे के परिजनों सहित दो महिलाओं और दो पुरुष को गंभीर रूप से चोटे आए हैं. जिनमें से तीन को इलाज के लिए भोपाल भेजा गया है.जानकारी के मुताबिक. बस रायसेन जिले के भोपाल रोड पर बसे ग्राम खरवाई के घाट पर बने ब्रेकर पर अनियंत्रित हो गई. जिसके चलते लगभग 20 से अधिक यात्री घायल हो गये. घटना की सूचना मिलते ही नजदीकी जिला अस्पताल रायसेन से ए बुलेंस के माध्यम से घायलों को जिला चिकित्सालय पहुंचाया गया. मौके पर अनुभागीय अधिकारी मुकेश सिंह सहित पुलिस बल पहुंच गया था. घटना के संबंध में सिविल सर्जन रायसेन द्वारा बताया गया कि %%बारातियों से भरी हुई बस अचानक पलट गई थी, इसमें घायल हुए यात्रियों का इलाज रायसेन जिला चिकित्सालय में किया जा रहा है.।

# बापू की पुण्यतिथि पर मनाया नशा मुक्ति संकल्प दिवस

## *नशामुक्ति का लिया संकल्प, रैली निकाल कर दिया संदेश*



सिवनी यशोः- राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि को नशामुक्ति संकल्प दिवस के रूप में मनाते हुए पीजी कॉलेज के प्रोफेसर्स और स्टाफ सहित विद्यार्थियों ने नशामुक्त समाज के निर्माण का संकल्प लिया। एनएसएस के स्वयंसेवी छात्र-छात्राओं ने रैली निकालकर नशा मुक्ति के लिए जनता को जागरूकता का संदेश दिया।

कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए पीजी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रविशंकर नाग ने कॉलेज परिसर में स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा पर श्रद्धांजलि स्वरुप पुष्प अर्पित किए। प्रतिमा स्थल के समक्ष सभी प्रोफेसर्स, शिक्षकों और स्टाफ को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई।

*नशा मुक्ति के संदेश के लिए प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन*

भारत को नशा मुक्त बनाने के लिए और युवा विद्यार्थियों में जागरूकता के लिए प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। नशा मुक्त भारत विषय पर आयोजित निबंध प्रतियोगिता में बीए प्रथम वर्ष के छात्र रामगोपाल मरावी ने पहला, एम ए इतिहास की छात्रा सुमन डेहरिया ने दूसरा और एमए इतिहास की छात्रा शिवानी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। इसी तरह, मद्य निषेध पर गीत प्रतियोगिता में एमए हिंदी की छात्रा अंबिका डेहरिया ने नशा मुक्त समाज के निर्माण का संदेश देते हुए पहला, एमए अंग्रेजी के छात्र अंशुल चंद्रा ने दूसरा और एमए अंग्रेजी के रामगोपाल सर्राठिया ने तीसरा स्थान हासिल किया।

कार्यक्रम में संयोजक डॉ. मान सिंह बघेल सह संयोजक सत्येन्द्र कुमार शेन्डे, क्रीड़ा अधिकारी केसी राउर, डॉ.अरविंद चौरसिया, डॉ.ज्योत्सना नावकर, डॉ. एमसी सनोडिया, हिंदी विभाग की अध्यक्ष डॉ. सविता मसीह, डॉ. रेशमा बेगम, डॉ. पूनम धुर्वे, डॉ. रघुनाथ नागले सहित शासकीय विधि महाविद्यालय के भी प्रोफेसर्स, शिक्षक और स्नातक एवं पीजी कक्षाओं के विद्यार्थियों समेत स्टाफ उपस्थित रहे।

# कले टर सिंघल ने सुदूर ग्रामों में पहुंचकर जन समस्याओं को सुनकर त्वरित निराकरण के दिये निर्देश



सिवनी यशोः- विभागीय योजनाओं की मैदानी स्तर पर क्रियान्वयन तथा आमजनों को पात्र योजनाओं के त्वरित लाभ दिलाये जाने के उद्देश्य से कले टर श्री क्षितिज सिंघल द्वारा ग्रामवार निरीक्षण कर जनसमस्याओं को सुना जा रहा है तथा मौके में उपस्थिति मैदानी अमले को आवश्यक दिशा निर्देश देकर पात्र हितग्राहियों को त्वरित रूप से लाभांवित करने के कार्य किये जा रहे हैं। इसी क्रम में कले टर श्री क्षितिज सिंघल बुधवार 31 जनवरी को घंसौर विकासखंड के सुदूर ग्रामों में पहुंचे। उन्होंने मनेगांव, भिलाई एवं रजरवाडा में जनसमस्या शिविर लगाकर उपस्थितजनों की समस्याओं को सुना। उन्होंने ग्रामीणों द्वारा बताई गई बिजली, पानी, पेयजल, पेंशन की समस्याओं के साथ-साथ मनरेगा के भुगतान एवं राशन वितरण की समस्याओं को तत्काल निराकृत करने के निर्देश संबंधित विभागीय अधिकारियों को दिये। इस अवसर पर अनुविभागीय अधिकारी घंसौर बिसन सिंह सहित विभागों के अन्य मैदानी अमले की उपस्थिति रही।

# कैंसर के लक्षण और बचाव पर जन जगरूकता एवं प्रशिक्षण का आयोजन



सिवनी यशोः- सिवनी जिले से 154 किलोमीटर सुदूर आदिवासी जनजातीय बहुल नर्मदांचल बरगी बांध डूब क्षेत्र पहुंच बिहीन 22 जनजातीय ग्राम के सेंटर ग्राम जनशिक्षा केंद्र झिंझरई हायर सेकेंड्री स्कूल में जिला के संवेदन शील कले टर क्षितिज सिंघल जी के निर्देशन ओर युवा ससक्त जनजातीय सहायक आयुक्त डो टर अमर सिंह उईके के मार्गदर्शन पर प्राचार्य एस एल धुर्वे जी की मांग को ध्यान में रखते हुए स्टाप केंसर मिशन मल्टी परपस से टर 110 रजत संकुल बिंग गणेश पथ नागपुर महाराष्ट्र से पधारे कैंसर काउंसलर सुश्री चारूणी बिसेन एवं सहयोगी संजय ने जनशिक्षा केंद्र के समस्त प्राथमिक/माध्यमिक/हायर सेकेंड्री स्कूल के स्टाप के शिक्षिकाओं और शिक्षको के साथ सभी स्टाप को केंसर को बीमारी केसे होती हे उसके लक्षण और अलग अलग स्टेज के बारे में बारीकी से बीमारी के होने वाले दुष्प्रभाव परिराम और बचाओ के उपाय के साथ पीड़ित को उपचार हेतु सुझाव दिए वही इस दुर्गम जनजातीय क्षेत्र में इस प्रकार की जनकारी प्रशिक्षण जगरूपता शिविर से क्षेत्रीय शिक्षक अपने अपने ग्राम और स्कूल के आस पास लोगो को जगरूप करेगे वही जनशिक्षा केंद्र प्रभारी हायर सेकेंड्री स्कूल झिंझरई के प्राचार्य एस एल धुर्वे कैंसर स्टाप की वर्कशाप सह प्रशिक्षण टीम को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए समस्त स्टाप को धूम्रपान, बीड़ी, सिगरेट,तंबाखू, शराब का सेवन त्यागने की सपाथ संकल्प दिलाए और इस प्रकार के शिविर की ओर आवश्यकता बताए

# विशाल किसान श्रद्धांजलि सभा का आयोजन बस स्टेण्ड खैरा पलारी में

सिवनी यशोः- 1 फरवरी दिन गुरुवार को दोपहर 1:00 बजे से शहीद चौक पलारी बस स्टैंड में विशाल किसान श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया है ज्ञात हो कि आज से 23वर्ष पूर्व 1 फरवरी 2001 दिन गुरुवार को पलारी चौराहा पर पानी बिजली एवं मजदूरों की समस्या को लेकर विशाल किसान, मजदूर आंदोलन किया गया था आंदोलन समाप्ति के उपरांत षड्यंत्र पूर्वक तत्कालीन सरकार के इशारे पर आंदोलन को कुचलने के उद्देश्य से तत्कालीन बजरंग दल के जिला सह- संयोजक राजेश राय की आंदोलन स्थल से 4 किलोमीटर दूर शांतिपूर्ण स्थल पर सीने में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। उक्त आंदोलन का नेतृत्व तत्कालीन जिला पंचायत सदस्य डां. प्रमोद राय द्वारा किया गया था तब से लेकर अब तक विभिन्न धार्मिक सामाजिक एवं राजनैतिक संगठनों के द्वारा उक्त श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया जाता है।शाम को संगीतमय सुन्दरकाण्ड पाठ का आयोजन किया गया है।

# भारत के स्वतंत्रता संग्राम के शहीदो की स्मृति में नपा. कर्मचारियों ने रखा मौन

सिवनी यशोः- 30 जनवरी को प्रातः 11.00 बजे नगरपालिक परिषद सिवनी में समस्त कर्मचारियों द्वारा भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपने जीवन का बलिदान करने वालो उन शहीदो की स्मृति में 02 मिनट का मौन रखा गया। विदित होवे की प्रत्येक वर्ष 30 जनवरी को सारे देश में उन शहीदों की स्मृति में जिन्होने भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपने जीवन का बलिदान दिया है दो मिनिट का मौन रखा जाता है। इसी क्रम में कार्यालय अधीक्षक सतीश कुमार कुल्हाडे के निर्देशन में प्रातः 11.00 बजे सभी अधिकारी/कर्मचारीगण एकत्रित हुए एवं सायरन बजने पर नगर पालिका कार्यालय में काम तथा अन्य गतिविधियों को रोका गया एवं शहीदो की स्मृति में मौन धारण कर शहीद दिवस मनाया गया।

# वन विहार में सातवाँ अनुभूति शिविर आयोजित

भोपाल । वन विभाग द्वारा अनुभूति कार्यक्रम में वन, वन्य-प्राणी एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति संवेदनशीलता विकसित करने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश ईको पर्यटन विकास बोर्ड के समन्वय से आयोजित प्रशिक्षण-सह-जागरूकता शिविर में वन विहार राष्ट्रीय उद्यान में 31 जनवरी, 2024 को सातवाँ शिविर आयोजित किया गया। इसमें शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, मिसरोद के 100 विद्यार्थियों एवं 6 शिक्षकों सहित कुल 106 प्रतिभागियों ने भाग लिया।



शिविर में सम्मिलित प्रत्येक बच्चे को अनुभूति बैग, कैप, पठनीय सामग्री, स्टीकर, पेन, ब्रोशर और बैच प्रदान किये गये। विद्यार्थियों को पक्षी-दर्शन, वन्य-प्राणी दर्शन, प्रकृति पथ भ्रमण एवं वन, वन्य-प्राणी एवं पर्यावरण से संबंधित रोचक गतिविधियों कराई गई तथा जानकारी प्रदान कर उनकी जिज्ञासाओं को शांत किया। नवाचार के रूप में रेस्‍ क्यू गतिविधियों का प्रदर्शन किया गया, जिसमें बगैर सिले कपड़े से थैला बनाने की विधि सिखाई गई। प्रतिभागियों को छोटे समूहों में बांटकर पर्यावरण से स बंधित रोचक खेल जैसे फुड वेब, मैं कौन हूँ अंतर्गत प्रतिभागियों द्वारा बाघ, सिंह, तेंदुआ आदि वन्य-प्राणियों के बारे में पहचान की गई एवं उसके बारे में बताया गया। बाघ के बारे में एक फिल्म भी दिखाई गई तथा वन विभाग की संरचना एवं विभिन्न पदों पर चयन होने की योग्यता के बारे में भी प्रतिभागियों को बताया गया। स्पॉट क्विज में प्रथम इशिका मालवीय, द्वितीय उमेश मीणा एवं तृतीय लकी कुशवाह रहे। विद्यार्थियों को वन्य-प्राणियों को कैसे रेस्‍ क्यू किया जाता है, इसके संबंध में रेस्‍ क्यू वाहन के माध्यम से रेस्‍ क्यू टीम द्वारा अवगत कराया गया। कार्यक्रम में मु य कार्यपालन अधिकारी ईको पर्यटन विकास बोर्ड श्रीमती समीता राजोरा, अपर प्रधान मु य वन संरक्षक श्रीमती कमलिका मोहता एवं सेवानिवृत्त अपर प्रधान मु य वन संरक्षक श्रीमती गोपा पाण्डे विशिष्ट तिथि के रूप में उपस्थित रहीं। इस अवसर पर श्रीमती समीता राजोरा द्वारा प्रतिभागियों को साँप-सीढ़ी गेम उपहार स्वरूप प्रदान किये गये। शिविर के दौरान छात्र-छात्राओं को औषधीय पौधों संबंधी जानकारी प्र. राज्य लघु वनोपज संघ द्वारा प्रदाय किये गये से पल के माध्यम से दी गई। कार्यक्रम के अंत में शिविर सम्मिलित बच्चों को शपथ दिलाई। पुरस्कार तथा प्रमाण-पत्र भी वितरित किये गये।

अनुभूति कार्यक्रम के मास्टर ट्रेनर के रूप में श्री ए.के. खरे. सेवानिवृत उप वन संरक्षक एवं डॉ. एस आर. वाघमारे, सेवानिवृत उप वन संरक्षक उपस्थित रहे। कै प का संचालन सहायक संचालक वन विहार श्री एस.के. सिन्हा द्वारा किया गया। इस दौरान संचालक वन विहार श्रीमती पदमाप्रिया बालाकृष्णन, बायोलॉजिस्ट श्री विजय नंदवंशी तथा अन्य अधिकारी/कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

# जिला उपार्जन समिति का गठन

सिवनी यशोः- विपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर पंजीयन/गेहूं उपार्जन की समस्त प्रक्रिया, स्कंध की गुणवत्ता, पर्यवेक्षण एवं मानीटरिंग तथा उपार्जन नीति के अंतर्गत समस्याओं के निराकरण हेतु जिला उपार्जन समिति का गठन किया गया है।

समिति के अध्यक्ष कले टर श्री क्षितिज सिंघल, सदस्य जिला लीड बैंक अधिकारी, उपसंचालक कृषि, उपायुक्त सहकारिता, जिला सूचना विज्ञान केंद्र अधिकारी, महाप्रबंधक जिला सहकारी केंद्रीय बैंक, जिला विपणन अधिकारी मार्कफेड, जिला प्रबंधक एमपीडब्लूएलसी,जिला प्रबंधक एमपीएससीएससी, अधीक्षक भू-अभिलेख,सचिव कृषि उपज मण्डी एवं जिला आपूर्ति अधिकारी को सचिव एवं सदस्य नियुक्त किया गया हैं।

# परीक्षा को लेकर दिया मार्गदर्शन



सिवनी यशोः- शासकीय कन्या मठ शाला सिवनी में विषय विशेषज्ञों की उपस्थिति में छात्राओं को लेकर परीक्षा मार्गदर्शन दिया गया इस अवसर पर प्राचार्य कपिल शर्मा शिक्षक अश्वनी तिवारी श्री पगारे अनिल तिवारी वर्षा भार्गव सहित अनेक लोगों की उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ इस दौरान डॉं. रामकुमार चतुर्वेदी विजय लक्ष्मी नागौत्रा सहित चिकित्सको ने मार्गदर्शन दिया।

# ब्राह्मण समाज द्वारा बसंत पंचमी पर्व में विभिन्न कार्यक्रमों के साथ ही सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार किया जावेगा

## कार्यक्रम रूपरेखा निर्धारण हेतु 1 फरवरी को महत्वपूर्ण जिला बैठक रखी गई है

सिवनी यशोः- जिला ब्राह्मण समाज के तत्वाधान में, प्रतिवर्ष अनुसार वसंत पंचमी का भव्य आयोजन किया जावेगा। आगामी माघ शु ल पंचमी तदनुसार 14 फरवरी दिन बुधवार को, नंदीकेश्वर धाम स्थित श्री माता एवं भगवान श्री परशुराम सिद्ध मंदिर बरघाट रोड सिवनी में, विधि विधान से पूजन अर्चन किया जावेगा। पौराणिक महत्व की इस शुभ तिथि में ब्राह्मण बालकों का यज्ञोपवीत संस्कार( जनेऊ संस्कार )शास्त्रोक्त प्रमाणिक विधि से विद्वान आचार्य गणों द्वारा संपन्न कराया जावेगा।

ज्ञातव्य है कि सनातन हिंदू धर्म में यज्ञोपवीत संस्कार मानवीय जीवन के 16 संस्कारों में प्रमुख संस्कार माना गया है। इस संस्कार के होने के बाद ही बालक को धार्मिक कार्य, शास्त्रों का पठन-पाठन यज्ञ आदि करने का अधिकारी माना जाता है। जीवन में उत्थान और तेजस्विता प्राप्त करने, जनेऊ धारण करने से धार्मिक, वैज्ञानिक,और चिकित्सा क्षेत्र में अनेकों श्रेष्ठ लाभ हो प्रमाणित हो चुके हैं। जीवन के उत्कर्ष के लिए त्रिदेव -ब्रह्मा, विष्णु ,महेश का प्रतीक जनेऊ ( ब्रह्म सूत्र) धारण करना तथा नियमों का पालन करना प्रत्येक ब्राह्मण बालक का पहला अधिकार और कर्तव्य है। अपने बालकों का जनेऊ संस्कार करने के इच्छुक, परिजन कृपया आगामी *10 फरवरी तक* जिला ब्राह्मण समाज से संपर्क कर विस्तृत जानकारी प्राप्त करके अपना रजिस्ट्रेशन सुनिश्चित कर लेंगे। ताकि समुचित व्यवस्था बनाई जा सके। संपर्क सूत्र - जिला संयोजक अजय मिश्रा 9425843511, पं.गौरी शंकर तिवारी 88 7 8980051,पं.आचार्य सनत कुमार उपाध्याय 815491789, पं.आचार्य सोनू महाराज-9131914714,पं.अशोक तिवारी 8319766356,पं.जुगल किशोर दुबे -9425 821996 महिला अध्यक्ष श्रीमती सरला उपाध्याय जी.सूर्यकांत चतुर्वेदी 919755 8360।

ज्ञान और विद्या की देवी भगवती मां सरस्वती पूजन के इस पुनीत आयोजन की रूपरेखा के निर्धारण हेतु आगामी 1 फरवरी गुरुवार को* 3:00 बजे नंदीकेश्वर धाम प्रतिष्ठित श्री माता राजराजेश्वरी एवं श्री परशुराम सिध्द मंदिर सिवनी में ,ब्राह्मण समाज की महत्वपूर्ण जिला बैठक रखी गई है। बैठक में सभी विप्रजन नर- नारी, पदाधिकारी एवं सदस्य गण ,सभी विकासखंड इकाइयों के पदाधिकारी सदस्य एवं वरिष्ठ जन सादर आमंत्रित हैं।

# जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा नेत्र जाँच एवं आपरेशन शिविर




सिवनी यशोः- 30 जनवरी 2024 को शंकराचार्य स्वामी श्री सदानंद सरस्वती जी महाराज श्री के निर्देशानुसार इंदिरा भवन कार्यालय जिला कांग्रेस कमेटी सिवनी में शंकराचार्य नेत्रालय, झोतेश्वर द्वारा निःशुल्क नेत्र जाँच शिविर का आयोजन का शुभारंभ जिला कॉंग्रेस अध्यक्ष श्री राजकुमार खुराना जी सहित गुरु परिवार के सदस्य गणों की उपस्थिति में गुरुपूजन उपराँत किया गया। जिसमें जिले भर से पधारे नेत्र स बंधित पीड़ितों का निःशुल्क जाँच की गई एवँ ऑपरेशन के लिए चयनित मरीजों को शंकराचार्य नेत्रालय झोतेश्वर की ओर रवाना किया गया।

# मध्यप्रदेश की बैगा, भारिया एवं सहरिया जनजातियों को मिलेंगे पक्के घर, नल से जल, घर तक बिजली, स्वास्थ्य सुविधाएं और पोषण

भोपाल । देश की 75 विशेष पिछड़ी जनजातियों (पीवीटीजी) के विकास और सामाजिक, आर्थिक उत्थान के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान (पीए जनमन) प्रारंभ किया गया है। सशक्त जनजाति, सशक्त भारत सूत्र वो य के परिपालन में इन विशेष पिछड़ी जनजातियों के समग्र विकास व कल्याण के लिये भारत सरकार ने पीएम जनमन के लिये 24 हजार करोड़ रूपये का प्रावधान किया है। गौरतलब है कि मध्यप्रदेश के 23 जिलों में बैगा, भारिया एवं सहरिया तीन विशेष पिछड़ी जनजातियाँ निवास करती हैं।

**पीएम जनमन में होगा या ?**

पीएम जनमन के अंतर्गत भारत सरकार के 9 प्रमुख मंत्रालयों के 11 महत्वपूर्ण क्षेत्रों से जुड़ी नागरिक सेवाओं की इन विशेष पिछड़ी जनजातियों के घर तक पहुँच सुनिश्चित की जाएगी। पीएम जनमन में लक्षित वर्ग/जनजाति समूह के सभी लोगों को उनकी पसंदीदा डिजाईन के अनुसार शौचालय युक्त पक्का मकान बनाकर दिया जायेगा। हर घर में नल से स्वच्छ जलापूर्ति की जाएगी। इन जनजातियों के गांवों तक पहुँच सुनिश्चित करने के लिए गांव-गांव तक पक्की सड़कें बनाई जायेंगी। इनके घर तक बिजली आपूर्ति की स्थायी व्यवस्था की जाएगी। इन जनजतियों के सभी बच्चों को अच्छी शिक्षा देने के लिए और बेहतर प्रयास किये जायेंगे तथा आवश्यकतानुसार स्कूल सह छात्रावास भी निर्मित किये जायेंगे।

पीएम जनमन के तहत इन विशेष पिछड़ी जनजातियों के कौशल विकास के लिये इन्हें व्यावसायिक/कौशल प्रशिक्षण देने के अलावा प्रौढ़ शिक्षा के क्षेत्र में भी कारगर प्रयास किये जायेंगे। बहुउद्देशीय केन्द्र और मोबाइल मेडिकल वेन में एएनएम के माध्यम से सबको स्वास्थ्य सुविधाओं की बेहतर पहुँच के दायरे में लाया जाएगा। सौ से अधिक आबादी वाले प्रत्येक टोलों-मजरों में आंगनवाड़ी केन्द्र द्वारा बेहतर सुविधाओं की उपलब्धता एवं बहुसेवा केन्द्र में भी आंगनवाड़ी की सुविधा देकर सबको पोषण के लक्ष्य की पूर्ति की जायेगी। वनधन विकास केन्द्रों के जरिये इन जनजातियों की आजीविका में सुधार लाने के प्रयास किये जायेंगे। साथ ही इन जनजातियों के गांव-गांव तक बेहतर टेलिकॉम कने टविटी भी सुनिश्चित की जाएगी।

**पहले से संचालित योजनाओं का मिलेगा शत-प्रतिशत लाभ**

पीएम जनमन के अंतर्गत इन विशेष पिछड़ी जनजातियों को भारत सरकार की पहले से संचालित योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ भी दिलाया जायेगा। इन महाअभियान में लक्षित समुदाय को प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के अंतर्गत मु त राशन एवं प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के अंतर्गत निश्शुल्क एलपीजी कने शन दिये जाएगें। प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत आयुष्मान भारत कार्ड, प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के अंतर्गत संस्थागत प्रसव, सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन एवं टीबी उन्मूलन के प्रयास तेज किये जायेंगे। इसके अलावा प्रधानमंत्री पोषण (पीएम पोषण) के माध्यम से इन जनजातियों के स्कूली बच्चों को मिड-डे-मील (मध्यान्ह भोजन) उपलब्ध कराया जाएगा। इन जनजातियों को बैंकिंग सुविधाओं का सीधा लाभ देने के लिये प्रधानमंत्री जनधन योजना से जोड़ा जायेगा। साथ ही इस वर्ग की बालिकाओं को सुकन्या समृद्धि योजना का लाभ भी दिलाया जायेगा।

**पीएम जनमन के लिये मध्यप्रदेश की तैयारी**

मु यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में 17 जनवरी 2024 को मंत्रालय भोपाल में हुई मंत्रिपरिषद की बैठक में मध्यप्रदेश में पीएम जनमन के तहत होने वाले विभिन्न विकास कार्यों एवं कल्याण गतिविधियों को मंजूरी दे दी गई। इसके तहत प्रदेश में विशेष पिछड़ी जनजातीय क्षेत्रों के 23 जिलों में नए आंगनवाड़ी केन्द्रों, छात्रावासों, बहुउद्देश्यीय केंद्रों, सड़कों और आवासों का निर्माण किया जायेगा। ÷सक्षम आंगनवाड़ी एवं पोषण 2.0÷ योजना के अंतर्गत विशेष जनजाति बाहुल्य क्षेत्रों में 194 नवीन आंगनवाड़ी केन्द्रों की स्थापना एवं संचालन किया जायेगा। विशेष पिछड़ी जनजाति क्षेत्रों के ऐसे मजरे टोले, जिनकी जनसं या 100 या अधिक है और जहाँ आंगनवाड़ी केन्द्र नहीं है, वहाँ नए केन्द्र खोले जाएगे।

पीएम-जनमन में स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा विशेष पिछड़ी जनजाति बाहुल्य बसाहटों में निवासरत परिवार के बच्चों के लिये गुणवत्तायुक्त शिक्षा सुविधा के साथ-साथ 20 जिलों के 55 स्थानों पर 110 बसाहटों के निकट बालक और बालिकाओं के लिये पृथक-पृथक छात्रावासों का निर्माण किया जायेगा। वित्त वर्ष 2023-24 से पीएम-जनमन के अन्तर्गत प्रदेश के विशेष पिछड़ी जनजाति बाहुल्य जिलों में 60 लाख रूपये प्रति केन्द्र की लागत वाले बहुउद्देशीय केन्द्रों का निर्माण किया जायेगा। विशेष पिछड़ी जनजाति क्षेत्रों में अलग-अलग 11 गतिविधियों के लिए मध्यप्रदेश में 125 बहुउदेशीय केन्द्रों के निर्माण की स्वीकृति भारत सरकार ने दी है। केन्द्र निर्माण के लिए शत-प्रतिशत वित्तीय सहायता भारत सरकार द्वारा दी जायेगी। प्रत्येक केन्द्र निर्माण के लिए 2200 वर्गफीट भूमि की आवश्यकता होगी। इसमें से 1605 वर्गफीट भूमि पर भवन निर्माण किया जायेगा। भूमि का आवंटन जिला कले टर करेंगे।

पीएम-जनमन में ग्रामीण विकास विभाग द्वारा क्रियान्वित की जाने वाली योजना के अंतर्गत बैगा, भारिया एवं सहरिया जनजातियों की बसाहट में सड़क संपर्क एवं आवास निर्माण की नवीन योजना को भी सैद्धांतिक अनुमोदन दे दिया गया है। विशेष पिछड़ी जनजातियों की मात्र 100 जनसं या वाले गांवों को भी पक्की सड़क से जोड़ा जायेगा। कुल 981 संपर्क विहिन बसाहटों में 2403 किलोमीटर ल बाई के 978 मार्ग एवं 50 पुल बनाये जायेंगे। इस कार्य के लिए 3 वर्षों में 2354 करोड़ रूपये निवेश किये जाएंगे।

शासन द्वारा विशेष पिछड़ी जनजातीय बहुल क्षेत्रों में प्रति हितग्राही आवास निर्माण के लिये 2 लाख रूपये दिये जायेंगे। मनरेगा से अकुशल श्रमिक की 90/95 दिवस की मजदूरी के बराबर 27 हजार रूपये और स्वच्छ भारत मिशन से शौचालय निर्माण के लिये 12 हजार रूपये दिये जायेंगे। इससे प्रदेश में एक लाख से अधिक लक्षित हितग्राही परिवार लाभांवित होंगे।

# परीक्षा केन्द्रों के लिए धारा 144 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी

मंडला यशोः- हाईस्कूल, हायरसेकेंडरी एवं शारीरिक शिक्षा आदि परीक्षा के मद्देनजर कले टर एवं जिला दंडाधिकारी डॉ. सलोनी सिडाना द्वारा जिले के समस्त परीक्षा केन्द्रों एवं परीक्षा केन्द्रों के 200 मीटर की परिधि में दंड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 के अंतर्गत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए गए हैं।

जारी आदेश के अनुसार कोई व्यक्ति, राजनैतिक दल, छात्र, कर्मचारी संगठन, संघ, ट्रेड यूनियन तथा अन्य कोई संघ, संगठन परीक्षा केन्द्र एवं परीक्षा केन्द्रों के परिसरों की सीमा से 200 मीटर के अंदर जुलूस, धरना प्रदर्शन, आमसभा, नारेबाजी, भूख हड़ताल, आमरण अनशन नहीं करेगा और न ही किसी प्रकार के अनुचित संसाधनों का प्रयोग करेगा। जारी आदेश में परीक्षा केन्द्रों तथा संपूर्ण जिला की सीमा में अधिक कोलाहल वाले ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग प्रतिबंधित किया गया है तथा रात्रि 10 बजे से प्रातः 6 बजे तक ध्वनि विस्तारक यंत्रों पर पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेगा। इस संबंध में माननीय सर्वोच्च न्यायालय के दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए गए हैं। सभी अनुविभागीय दण्डाधिकारी एवं तहसीलदार, कार्यपालिक दण्डाधिकारी अपने अनुविभाग, तहसील के संपूर्ण क्षेत्रों के लिये निषिद्ध अवधि में क्षेत्र के थाना प्रभारी, चौकी प्रभारी, नगर निरीक्षक की अनुशंसा के आधार पर ध्वनि विस्तारक यंत्रों की अनुज्ञा देने हेतु सक्षम होंगे। यह आदेश 5 मार्च 2024 की मध्य रात्रि तक प्रभावशील रहेंगे।

## 4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

मंडला यशोः- ग्राम मनेरी निवासी धीरज की 12 अगस्त 2023 को कुआं में डूबने से मुत्यु हो जाने के कारण अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) निवास द्वारा मृतक के निकटतम वारसान के रूप में पत्नि इत्तोबाई को 4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता की राशि स्वीकृत की गई है।

# जनसुनवाई में कले टर ने सुनी 122 आवेदकों की समस्या




मंडला यशोः- जिला योजना भवन में स पन्न हुई जनसुनवाई में कले टर डॉ. सलोनी सिडाना ने आवेदकों की समस्याएं सुनी। जनसुनवाई में 122 आवेदकों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किये। कले टर ने आवेदकों की समस्याओं को सुनते हुए संबंधित विभागों को समुचित निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनहित से संबंधित आवेदनों का सर्वोच्च प्राथमिकता से निराकरण सुनिश्चित करें। इस अवसर पर अपर कले टर राजेन्द्र कुमार सिंह, एसडीएम सोनल सिडाम एवं एसीईओ जिला पंचायत क्षमा सराफ सहित संबंधित उपस्थित थे। जनसुनवाई में ज्वाला जी वार्ड महाराजपुर निवासी मुन्नु लाल रजक ने अनुग्रह सहायता प्रकरण में ऑनलाइन सुधार कार्य कराने के संबंध में, महाराजपुर निवासी ललिता बाई ने प्रधानमंत्री आवास के लिए भूमि प्रदान करने के संबंध में, घुघरी निवासी मंजू अग्रवाल ने जिला अस्पताल डायलिसिस कराने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किए गए। कले टर द्वारा संबंधित अधिकारियों को आवेदनों के समय सीमा में समुचित निराकरण करने के निर्देश दिए गए हैं।

**भारत उइके को मिली नवीन पात्रता पर्ची की स्वीकृति**

आज संपन्न हुई जनसुनवाई में आमानाला मंडला निवासी भारत लाल उइके ने कले टर को आवेदन प्रस्तुत करते हुए नवीन परिवार आईडी में पात्रता पर्ची जारी करने की मांग की। कले टर डॉ. सलोनी सिडाना ने खाद्य विभाग के अधिकारियों को आवेदन की जांच कर त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। जांच में पाया गया कि भारत उइके ने अपने पिता की परिवार आईडी से अपना नाम हटाते हुए नवीन परिवार आईडी बनाई है। उसके आवेदन के आधार पर भारत उइके की नवीन परिवार आईडी में राशन मित्र पोर्टल पर नवीन पात्रता पर्ची की स्वीकृति प्रदान की गई। अपने आवेदन पर त्वरित कार्यवाही के लिए भारत उइके ने जिला प्रशासन के प्रति आभार जताया है।

# केन्द्रीय विद्यालय के विद्यार्थियों ने साइंस सेंटर का किया शैक्षणिक भ्रमण



**केंद्रीय विद्यालय के कक्षा 10वीं और 12वीं के विद्यार्थियों का परिचयात्मक शैक्षणिक भ्रमण कराया गया।**

बालाघाट । केन्द्रीय विद्यालय के विद्यार्थियों ने साइंस सेंटर का किया शैक्षणिक भ्रमण केंद्रीय विद्यालय के कक्षा 10वीं और 12वीं के विद्यार्थियों का परिचयात्मक शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। विद्यालय के कुल 114 छात्र-छात्राओं को रमन साइंस सेंटर नागपुर एवं ड्रैगन पैलेस कामठी का भ्रमण कराया गया। जिसके अंतर्गत छात्र-छात्राओं ने तारामंडल की जानकारी एवं विज्ञान से संबंधित प्रोजे ट का अवलोकन कर विज्ञान विषय के अंतर्गत महत्वपूर्ण जानकारियॉ एकत्रित की। साथ ही कामठी स्थित जापानी वास्तुकला पर आधारित ड्रैगन पैलेस का भ्रमण कर परिसर के शांत वातावरण का लु त भी उठाया। भ्रमण के दौरान श्री संजय डोंगरे, श्री प्रदीप कौशले, श्री श्रावण बोदेले, श्रीमती अर्चना कावड़े, श्रीमती अंजलि तरूने एवं सुश्री श्रुति अग्रवाल उपस्थित रहे।

# मौके पर हुआ हिमंतो बाई की समस्या का समाधान

मंडला यशोः- प्रदेश सरकार द्वारा हर वर्ग के लोगों की समस्या के निराकरण के लिए हर स्तर पर प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में 30 जनवरी को स पन्न हुई जनसुनवाई में हिमंतो बाई की पात्रता पर्ची संबंधी समस्या का मौके पर ही समाधान किया गया। इस संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम रमपुरी निवासी हिमन्तो बाई मरावी ने कले टर डॉ. सलोनी सिडाना को आवेदन देते हुए अपने वर्तमान निवास ग्राम रमपुरी विकासखंड नैनपुर से पात्रता पर्ची जारी करने की मांग की। कले टर के निर्देश पर खाद्य विभाग द्वारा प्रकरण की जांच की गई जिसमें पाया गया कि आवेदिका हिमन्तो बाई मरावी को पात्रता पर्ची ग्राम पंचायत बढ़ार विकासखण्ड मण्डला में जारी है। वर्तमान में हिमन्तो बाई ग्राम रमपुरी विकासखंड नैनपुर में निवासरत है तथा वह ग्राम रमपुरी से राशन प्राप्त करना चाह रही है। खाद्य विभाग द्वारा आवेदिका हिमन्तो बाई मरावी की पात्रता पर्ची को राशन मित्र पोर्टल से उचित मूल्य दुकान रमपुरी में हस्तांतरित करने की कार्यवाही की गई है। हिमन्तों बाई ने समस्या के त्वरित समाधान के लिए जिला प्रशासन के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

# कले टर ने किया एफएलसी कार्य का निरीक्षण



मंडला यशोः- आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के अंतर्गत ईव्हीएम एवं व्हीव्हीपीएटी मशीनों के एफएलसी का कार्य पॉलीटेि नक कॉलेज में किया जा रहा है। कले टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सलोनी सिडाना ने ईव्हीएम एवं व्हीव्हीपीएटी मशीनों की एफएलसी कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि ईव्हीएम एवं व्हीव्हीपीएटी मशीनों के एफएलसी कार्य गंभीरता से करें तथा कार्य को समय-सीमा में पूर्ण करना सुनिश्चित करें। इस दौरान संयुक्त कले टर हुनेन्द्र घोरमारे, सीके तिवारी सहित संबंधित उपस्थित थे।

# जिला योजना भवन में शहीदों की स्मृति में रखा गया 2 मिनिट का मौन



मंडला यशोः- 30 जनवरी को प्रातः 11 बजे भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपने जीवन का बलिदान देने वाले शहीदों के लिए जिला योजना भवन में जिला प्रशासन द्वारा 2 मिनिट का मौन रखा गया। इस अवसर पर कले टर डॉ. सलोनी सिडाना, अपर कले टर राजेन्द्र कुमार सिंह सहित कले टर कार्यालय के अधिकारी, कर्मचारी एवं स्टॉफ उपस्थित था।

# अवैध रूप से रेत परिवहन करने वाले आरोपीगण को 01-01 वर्ष का सश्रम कारावास

मंडला यशोः- माननीय प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट मंडला जिला मण्डला द्वारा आरोपी रामप्रसाद जंघेला पिता नारायण प्रसाद जंघेला उम्र 43 वर्ष निवासी ग्वारा एवं मनमोहन यादव पिता मिहीलाल यादव उम्र 21 वर्ष निवासी तुमरीटोला थाना ब हनी जिला मंडला को धारा 379, 414 भादवि में 1-1 वर्ष सश्रम कारावास से दण्डित किया गया। अभियोजन कहानी संक्षिप्त में इस प्रकार है, कि दिनांक 20.12.2020 को फरियादी सहा. उपनिरीक्षक लक्ष्मीचंद बिसेन को बीट क्षेत्र भम्रण के दौरान बंजर नदी टिकरी घाट की तरफ से पावर ट्रैक कंपनी का एक ट्रे टर एमपी.51ए.ए.6882 जिसकी ट्राली में रेत भरी थी आता दिखाई दिया। जिसके चालक का नाम पूछने पर मनमोहन बताया जिससे रेत परिवाहन के संबंध में रायल्टी मांगे जाने पर नहीं होना बताया जिसे अभिरक्षा में लेकर धारा 27 साक्ष्य अधिनियम के तहत मेमोरेण्डम कथन लिये गये जिसमें चालक ने उक्त ट्रे टर रामप्रसाद जंघेला का होना तथा बंजर नदी टिकरी घाट से बिना रायल्टी की रेत चोरी कर लाना बताया। अभियुक्तगण द्वारा बिना रायल्टी के रेत को अवैध रूप से उत्खनन कर परिवहन करते पाये जाने एवं वाहन मालिक द्वारा रेत चोरी करने में सहायता करना पाये जाने पर अभियुक्तगण के विरूद्ध अपराध क्र.321/2020 का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना की गई विवेचना के दौरान अभियुक्तगण को गिरफतार कर गवाहों के समक्ष वाहन को मय रेत ट्राली को जप्त किया गया। संपूर्ण विवेचना उपरान्त अभियोग पत्र माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। विचारण के दौरान अभियोजन की ओर से प्रस्तुत साक्ष्य एवं तर्क से सहमत होते हुए विचारण उपरांत माननीय प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा आरोपी रामप्रसाद जंघेला पिता नारायण प्रसाद जंघेला उम्र 43 वर्ष निवासी ग्वारा एवं मनमोहन यादव पिता मिहीलाल यादव उम्र 21 वर्ष निवासी तुमरीटोला थाना ब हनी जिला मंडला को दोषी पाते हुये उक्त दण्ड से दण्डित किया गया। प्रकरण में अभियोजन की ओर से पैरवी सहायक जिला अभियोजन अधिकारी श्री जीतेन्द्र सिंह के द्वारा की गई है।

# शिविर में समझाई गई हाई सि यूरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट की ऑनलाइन बुकिंग प्रक्रिया



मंडला यशोः- माननीय न्यायालय द्वारा पारित आदेश के अनुपालन में 1 अप्रैल 2019 के पूर्व पंजीकृत वाहनों पर हाई सि यूरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट लगाये जाने के संबंध में 30 जनवरी 2024 को जिला परिवहन कार्यालय मण्डला द्वारा रानी दुर्गावती शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मण्डला में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में हाई सि यूरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट की ऑनलाइन बुकिंग एवं एचएसआरपी लगवाने की पूरी प्रक्रिया समझाई गई। शिविर में समस्त वाहनों में एचएसआरपी अनिवार्यतः लगाए जाने हेतु अनुरोध किया गया एवं बिना हाई सि यूरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट लगे वाहन चलाते पाये जाने पर चालानी एवं दण्डात्मक कार्यवाही होने के संबंध में भी बताया गया। शिविर में 23 वाहनों की हाई सि यूरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट ऑनलाइन बुक की गई। शिविर में महाविद्यालय के प्राचार्य, स्टॉफ, छात्र-छात्राऐं एवं जिला परिवहन कार्यालय का स्टॉफ उपस्थित रहा।

# जिला स्तरीय विज्ञान मेला संपन्न

सिवनी यशोः- मध्य प्रदेश शासन के अंतर्गत राज्य शिक्षा क्रेंड के निर्देशानुसार जिला स्तरीय विज्ञान पर्यावरण मेला नेताजी सुभाष चंद्र बोस उ माध्यमिक विद्यालय सिवनी श्री प्रेम नारायण वारेस्वा एवं प्रभारी प्रिसिपल श्रीमती शिखा कार्तिक के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ इस विज्ञान मेले में लगभग 94 प्रदर्श का प्रस्तुतिकरण किया गया जिसमें उच्च एवम माध्यमिक विभाग के बाल वैज्ञानिक द्वारा अपने प्रदर्श को प्रस्तुत किया गया साथ ही छात्र संगोष्ठी प्रश्न मंच विज्ञान नाटिका और साथ में शिक्षक सगोठी का सफल आयोजन किए गया चयनितप्रतिभागियों राज विज्ञान शिक्षा संस्थान जबलपुर में जिले का प्रतिनिधि करेगे इस प्रतियोगिता का शुभारंभ दीप प्रज्वलन कर किया गया प्रतिभागियों के मॉडल का अवलोकन जिला समन्वयक श्री आर के बघेल द्वारा किया गया निर्णायकों द्वारा मॉडल की जानकारी लेकर परिणामों की घोषणा की गई चयनित प्रतिभागियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी गई जिला विज्ञान नोडल विजय शु ला एवम सहयोगीश्रीमती अकीला खान श्रीयदुराज यूके श्रीमती पूजा पांडे एवं विद्यालय परिवार के सभी शिक्षक का सहयोग से संपन्न कराया गया इस प्रतियोगिता में निरणायक के रूप में श्रीमती तनुजा अग्रवाल श्रीमती वर्षा सनोडिया शास मठ विद्यालय श्री जी एल साहू शास म ल बा विद्यालय श्रीमती अर्चना भार्गव श्रीमती मृदुला त्रिवेदी शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय सिवनी श्रीमती अलका शर्मा श्रीमति नफीस फातिमा उर्दू हायर विद्यालय श्रीमती रश्मि पांडे आ विलास मिश्रा श्री आर के दुबे नेता जी सुभाष चंद्र बोस विद्यालय सिवनी द्वारा निर्णा यक रूप मे अहम भूमिका निभाई गई सर्वश्रेष्ठ 18 मॉडल एक विज्ञान नाटिका एक छात्र संगोष्ठी तथा प्रश्न मंच से एक छात्र शिक्षक संगोष्ठी मे डॉ टर डी के गौतम को चयनित किया गया कार्यक्रम में आभास श्रीमती अकीला खान ने किया

# रजिस्ट्री के 30 दिन के भीतर नामांतरण नहीं किया तो होगा निलंबन - राजस्व मंत्री वर्मा




भोपाल । नामांकन, सीमांकन एवं बटवारा प्रकरणों का निराकरण निर्धारित समयावधि के भीतर करें। निराकरण के लिए पटवारी के साथ नायब तहसीलदार, तहसीलदार व एसडीएम भी गाँव-गाँव पहुँचें। गाँव में आम आदमी के द्वार पर बैठकर किसानों की राजस्व संबंधी समस्याओं का समाधान करें। यह निर्देश राजस्व मंत्री श्री करण सिंह वर्मा ने ग्वालियर में हुई संभागीय समीक्षा बैठक में दिये। मंत्री श्री वर्मा ने राजस्व महाअभियान एवं राजस्व विभाग की गतिविधियों की समीक्षा भी की। उन्होंने राजस्व अधिकारियों को आगाह करते हुए कहा कि यदि रजिस्ट्री होने के 30 दिन के भीतर किसी तहसीलदार‌नायब तहसीलदार ने नामांतरण नहीं किया तो वह अपने आप को निलंबित समझे।

राजस्व मंत्री श्री वर्मा ने कहा कि मु यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा है कि प्रदेश के किसी भी किसान को राजस्व संबंधी समस्या के लिये भटकना न पड़े। इसी उद्देश्य से राजस्व महाअभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नामांतरण एवं नामांकन व बंटवारा के प्रकरणों में अधिकतम समय-सीमा का इंतजार न करें। सभी राजस्व अधिकारी सकारात्मक सोच एवं किसानों की मदद के भाव के साथ जल्द से जल्द प्रकरणों का निराकरण करें, जिससे आम आदमी का विभाग के प्रति विश्वास और आप सबके प्रति स मान बढ़े। उन्होंने कहा सीमांकन प्रकरणों का निराकरण सभी पक्षों की मौजूदगी में करें, जिससे आगे कोई विवाद की स्थिति न रहे। श्री वर्मा ने राजस्व महाअभियान के दौरान राजस्व अभिलेखों की त्रुटियों को दुरूस्त (ने शे पर तरमीम) और प्रमुखता के साथ बी-1 का वाचन करने पर विशेष बल दिया।

राजस्व मंत्री श्री करण सिंह वर्मा ने बैठक में कहा कि शहरी क्षेत्र में एक ही स्थान पर तीन साल से अधिक समय से पदस्थ पटवारियों का स्थानांतरण किया जायेगा। उन्होंने आयुक्त भू-अभिलेख एवं जिला कले टर को इस दिशा में कार्रवाई करने के निर्देश दिए ।

आयुक्त भू-अभिलेख श्री विवेक पोरवाल ने राजस्व वसूली पर विशेष ध्यान देने के निर्देश संभाग के सभी जिलों के राजस्व अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि जिन जिलों में महाअभियान में प्रगति कम है, वे विशेष मुहिम चलाकर प्रकरणों का निराकरण करें।

**जन-सुनवाई भी की**

राजस्व मंत्री श्री करण सिंह वर्मा ने बैठक के बाद जन-सुनवाई भी की। उन्होंने एक ‌एक कर लोगों की राजस्व संबंधी समस्यायें सुनीं और संबंधित अधिकारियों को समस्याओं का निराकरण करने के निर्देश दिए। साथ ही सभी आवेदकों के नाम भी नोट किए, जिससे निराकरण का फॉलोअप किया जा सके।

बैठक में महापौर डॉ. शोभा सिकरवार, विधायक श्री सतीश सिकरवार, आयुक्त भू-अभिलेख श्री विवेक पोरवाल, कले टर श्री अक्षय कुमार सिंह, अपर आयुक्त भू-अभिलेख श्रीमती गुंचा सनोबर सहित संभाग के अन्य जिलों के अपर कले टर, एसडीएम, तहसीलदार, अधीक्षक भू-अभिलेख व नायब तहसीलदार मौजूद थे।

# दो दिवसीय आयुष्मान शिविर का आयोजन




बालाघाट। विश्व की सबसे बड़ी निःशुल्क स्वास्थ्य योजना आयुष्मान भारत योजना के अतंर्गत पात्र हितग्राहियों के शतप्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनाने के उद्देश्य से बालाघाट नगर के अलग-अलग वार्डो में आयुष्मान शिविर आयोजित किये जा रहे है इसी क्रम में वार्ड क्रमांक 25 व 26 के पात्र हितग्राहियों के दो दिवसीय शिविर का आयोजन आज 31 जनवरी बुधवार से प्रारंभ हुआ। प्रथम दिन 37 नये आयुष्मान कार्ड बनाये गये एवं 7 पुराने आयुष्मान कार्ड को अपडेट किये गये। स्वास्थ्य विभाग एवं जिला प्रशासन बालाघाट के विशेष मार्गदर्शन पर नगरपालिका क्षेत्र बालाघाट में आयुष्मान शिविरों को आयोजन किया जा रहा है। शिविर में आयुष्मान कार्ड के अलावा निःशुल्क कानूनी सलाह योजना, संबंल कार्ड, ईश्रम कार्ड आदि बनवाने से मिलने वाले लाभों की जानकारी प्रदान की जा रही है। शिविर गुरूवार 1 फरवरी को रेशुल किराना के पास, मोतीतालाब रोड मोतीनगर बालाघाट में 10 बजे से सायं 8 बजे तक प्रारंभ रहेगा।


# कार्यालय मु य नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका परिषद, जिला- सिवनी

**नगर पालिका चौराहा, एन.एच.7 मार्ग, जिला -सिवनी (म.प्र.) 480661**

Email Id : cmoseoni@mpurban.gov.in phone : 07692221301

## नीलामी सूचना

**पत्र क्रमांक 5255/भण्डार शाखा/न.पा.प./2024** **सिवनी, दिनांक 31/01/2024**

सर्वसधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद सिवनी के साधारण स मिलन प्रस्ताव क्रं. (15) दिनांक 09/01/2024 के निर्णय के अनुसार निकाय की अनुपयोगी सामग्री (कबाड) को निकाय के पांच सदस्य पार्षदगणों की समिति के समक्ष नीलामी किया जाना है। निकाय का पुराना फिल्टर प्लांट किदबई वार्ड सिवनी में प्रथम बार नीलामी की बोली दिनांक 12/02/2024 को समय 02.00 बजे से रखी गयी है। नियत दिनांक में नीलामी की उच्चतम बोली प्राप्त ना होने पर द्वितीय बार दिनांक 13/02/2024 को 02.00 बजे दोपहर से पुनः निर्धारित कार्यक्रम अनुसार की जावेगी तथा उक्त तिथि में भी उच्च्तम नीलामी बोली प्राप्त न होने पर तीसरी बार दिनांक 14/02/2024 को 02.00 बजे दोपहर को पुनः निर्धारित कार्यक्रम अनुसार की जावेगी ठेका की विस्तृत नीलामी शर्ते एवं दर नगर पालिका के भण्डार शाखा कार्यालय में कार्यालयीन समय पर देखी जा सकती है।

| क्र. | ठेके का विवरण | अमानत राशि | सरकारी बोली | ठेके की अवधि | कार्य स्थल |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | निकाय की अनुपयोगी सामग्री (विभिन्न प्रकार का कबाड) | 93700/- | 1874000/- | 15 दिवस | नगर पालिका का पुराना फिल्टर प्लांट किदवई वार्ड सिवनी |

प्रथम बार नीलामी- दिनांक 12/02/2024 को समय 02:00 दोपहर
द्वितीय बार नीलामी- दिनांक 13/02/2024 को समय 2:00 दोपहर
तृतीय बार नीलामी- दिनांक 14/02/2024 को समय 2:00 दोपहर

**नोटः-** (1) शासन के नियमानुसार स्वीकृत ठेके की राशि पर 18 प्रतिशत की दर से जी.एस.टी. भी देय होगा।
(2)पर्याप्त बोली ना आने या अन्य कारण से नीलामी की कार्यवाही स्थगित की जा सकेगी।
(3) नीलामी कबाड बोलीदार को अमानत राशि बैंक ड्रफ्ट या नगद के माध्यम से जमा करना अनिवार्य होगा।
(4) बैंक ड्रफ्ट मु य नगर पालिका अधिकारी के नाम से देय होगा।
(5) अमानत राशि प्रातः 11:30 बजे तक जमा करना अनिवार्य होगा, निर्धारित समय पश्चात अमानत राशि स्वीकार्य नही होगी अमानत राशि जमा करने वाले व्यक्ति ही बोली लगाने के पात्र होंगे।

**मु य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद सिवनी**